

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए कार्यकर्ता।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 20 अंकः 61 पृष्ठः 12

RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# पीएम ने तमिलनाडु-पुडुचेरी को 7,100 करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात

## मदुरै में बोले-विकसित भारत में तमिलनाडु का अहम योगदान; तिरुप्परनकुंद्रम में मंदिर में पूजा की

**टीम एक्शन इंडिया**

**चेन्नईः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पुडुचेरी और तमिलनाडु पहुंचे। पुडुचेरी में उन्होंने 2700 करोड़ और तमिलनाडु में 4,400 करोड़ रुपए से ज्यादा के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। साथ ही तमिलनाडु में ही आठ नए बने अमृत भारत रेलवे स्टेशनों, तीन नए आकाशवाणी रिले ट्रांसमीटर का उद्घाटन किया। इसके बाद मोदी ने मदुरै में सभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा, तमिलनाडु राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। हमारा सामूहिक लक्ष्य एक विकसित भारत के लिए एक विकसित तमिलनाडु है। इसके बाद पीएम मदुरै के तिरुप्परनकुंद्रम स्थित अरुलमिगु सुब्रमण्य स्वामी मंदिर भी गए। वहां उन्होंने पूजा-अर्चना की और दंडवत प्रणाम किया। मंदिर के पुजारियों ने पीएम को भगवान की तस्वीर भेंट की।

**तटीय राज्य तमिलनाडु में विकास की अपार संभावनाएं हैं- मोदी**

तमिलनाडु एक तटीय राज्य है और इसमें विकास की अपार संभावनाएं हैं। लेकिन जब कांग्रेस और डीएमके पहले सत्ता में थीं, तब वे निष्क्रिय थीं। मदुरवॉयल कॉरिडोर रुका रहा, थूथुकुडी ट्रांसशिपमेंट सिर्फ कागजों पर ही रह गया। 2014 के बाद हमें चेन्नई बंदरगाह मिला। हमने बंदरगाह और मदुरवॉयल एलिवेटेड कॉरिडोर को पुनर्जीवित किया। हमने कामराजा और चेन्नई बंदरगाह को एकीकृत करके भारत का पहला पोर्ट क्लस्टर बनाया।

**डीएमके की वजह से 34 लाख घर अब तक नहीं बने- मोदी**

तमिलनाडु एक तटीय राज्य है और इसमें अपार संभावनाएं हैं।



### डीएमके की वजह से तीन लाख घर अभी भी अधूरे

पीएम ने कहा कि इन परिवारों को अपना घर मिल गया है... वहीं दूसरी ओर, डीएमके की वजह से लगभग तीन लाख घर अभी भी अधूरे हैं।

डीएमके का मॉडल है- पैसा खुद का, समस्याएं जनता की- मोदी

डीएमके मदुरै में माफिया-शैली की राजनीति लेकर आई। उन्होंने खराब सड़कें, खराब जल निकासी व्यवस्था और अपशिष्ट प्रबंधन का अभाव पैदा किया। उन्होंने मदुरै को स्वच्छता के मामले में राष्ट्रीय रैंकिंग में सबसे निचले पायदान पर पहुंचा दिया। यहां तक कि भ्रष्टाचार के कारण मदुरै के डीएमके मेयर को भी इस्तीफा देना पड़ा। यही उनका मॉडल है, पैसा खुद के लिए, समस्याएं जनता के लिए!

### डीएमके ने कभी मदुरै को पसंद नहीं किया- मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि 2021 में, 25 लंबे वर्षों के बाद, डीएमके को अपने दम पर पूर्ण बहुमत मिला। लेकिन उन्होंने सुशासन नहीं दिया। उन्होंने वंशवादी राजनीति को बढ़ावा देते हुए राज्य को लूटा और जनता की आकांक्षाओं को नजरअंदाज किया। मदुरै को देखिए। मदुरै ने एमजीआर का साथ दिया, जिन्हें इस शहर से बेहद प्यार था; यही कारण है कि उटङ ने कभी मदुरै को पसंद नहीं किया।

**कुछ लोग तमिलनाडु में सत्ता में वापसी का सपना देख रहे हैं- मोदी**

कुछ लोग तमिलनाडु में सत्ता में वापसी का सपना देख रहे हैं। जब वे एनडीए की विशाल रैली देखेंगे, तो उनके सपने बुरे सपने में बदल जाएंगे। लोग जानते हैं कि ये चुनाव राज्य के लिए निर्णायक मोड़ हैं। मैं देख सकता हूं कि तमिलनाडु ने अपना मन बना लिया है। जनता ने फैसला कर लिया है।

**तमिलनाडु में बदलाव की प्रबल इच्छा साफ झलक रही है- मोदी**

आप लोग मुझ पर जो स्नेह बरसा रहे हैं, उससे मुझे पिछले महीने मलेशिया की अपनी यात्रा की याद आ गई। मुझे अपने तमिल भाइयों और बहनों से जो स्नेह मिला, वह असाधारण था। वहां तमिल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए, हमने मलाया विश्वविद्यालय में तिरुवल्लुवर चेयर की स्थापना पहले ही कर दी है। तमिलनाडु में बदलाव की प्रबल इच्छा साफ झलक रही है। डीएमके के शासनकाल में किए गए वादे पूरे न होने और भ्रष्टाचार ने जनता को निराश किया है। एनडीए ही लोगों की पहली पसंद है।

लेकिन जब कांग्रेस और डीएमके पहले सत्ता में थीं, तब वे निष्क्रिय थीं। मदुरवॉयल कॉरिडोर का काम रुका रहा, थूथुकुडी से माल ढुलाई का काम केवल कागजों पर ही रह गया। 2014 के बाद हमें चेन्नई बंदरगाह मिला। डीएमके न तो गरीबों के लिए काम करती है और न ही दूसरों को काम करने देती है। मैं आपको एक उदाहरण देता हूं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत तमिलनाडु में छह लाख से अधिक घर पूरे हो चुके हैं।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ स्थित आवास संत कबीर कुटीर पर लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

# अमेरिका-इजराइल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**तेहरान/तेलअवीव/वाशिंगटनः** ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हवाई हमले में इस्लामिक क्रांति के नेता अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई और उनके परिवार के कई सदस्य मारे गए। ईरान के सरकारी ब्रॉडकास्टर आईआरआईबी ने रविवार सुबह कहा कि इस हमले में खामेनेई की शहादत हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि जब तक ईरान में शांति स्थापित नहीं हो जाती, तब हमला जारी रहेगा। अमेरिकी चैनल सीएनएन, द टाइम्स ऑफ इजराइल, ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी इरना की रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान के कई




मीडिया समूहों ने भी खामेनेई की मौत की पुष्टि की है। इनमें सबसे बड़ी स्वीकारोक्ति सरकारी ब्रॉडकास्टर आईआरआईबी की है। आईआरआईबी ने रविवार सुबह बताया, "ईरान के सुप्रीम लीडर शहीद हो गए हैं।" खामेनेई की मौत के बाद ईरान ने भी इजराइल पर हमले किए हैं। तेल अवीव में ईरान के हमले में एक महिला की मौत हो गई। इजराइल ने कहा कि अमेरिका के साथ संयुक्त सैन्य अभियान के शुरूआती हमलों में लक्षित किए गए 30 प्रमुख नेताओं में से कई मारे गए। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि यह सैन्य कार्रवाई तब तक चलेगी जब तक ईरान के लोग आजाद नहीं हो जाते। इस बीच इजराइल का एयरस्पेस बंद कर दिया गया है। सबसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने शनिवार रात ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत का ऐलान किया। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, "इतिहास के सबसे बुरे लोगों में से एक खामेनेई मर गया है।"

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने दी सुजानपुर होली उत्सव की बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने सभी प्रदेशवासियों और देशवासियों को सुजानपुर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय होली उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि सुजानपुर की होली वर्षों से हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे का जीवंत प्रतीक रही है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि यह ऐतिहासिक उत्सव पीढ़ियों से प्रेम, सहयोग और मिलन की परंपरा को संजोए हुए है। सुजानपुर की होली न



केवल हिमाचल प्रदेश की पहचान है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक विविधता का भी प्रतीक बन चुकी है। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय स्तरीय होली उत्सव में देश के विभिन्न हिस्सों से लोग भाग लेते हैं।

# कोर्ट का फैसला भाजपा के मुंह पर तमाचाः अरविंद केजरवील

**टीम एक्शन इरंडिया**

**नई दिल्लीः** आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कथित शराब घोटाले में कोर्ट का फैसला भारतीय जनता पार्टी के मुंह पर जोरदार तमाचा है। उन्होंने दिल्ली के जंतर मंतर पर रविवार को एक रैली में कहा कि आप को खत्म करने के लिए मोदी जी खुद इस केस की मॉनिटरिंग कर रहे थे। उन्होंने मोदी और शाह पर 4 साल तक परेशान करने का आरोप लगाया। शराब घोटाले के में बरी होने के बाद इस रैली का आयोजन किया गया था। उन्होंने रैली में शराब घोटाले केस में कोर्ट के फैसले की तारीफ की। उन्होंने इसे



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और देश के लोगों के पक्ष में बताया। बीजेपी नेताओं ने मुझपर 100 करोड़ रुपए लेने और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, लेकिन अदालत ने कहा कि केस फर्जी है। अदालत का फैसला मोदी, अमित शाह और बीजेपी के लिए करारा जवाब है। आप को खत्म करने के लिए खुद प्रधानमंत्री इस केस की निगरानी कर रहे थे। आईआईटी से पढ़ाई के बाद मैं अमेरिका जा सकते थे, लेकिन देश सेवा के लिए भारत में ही रहा। इनकम टैक्स विभाग में नौकरी के दौरान मैंने रिश्वत लेने से मना किया और ईमानदारी से काम किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी मेरे खिलाफ कई जांच

> केजरीवाल बोले- हमें खत्म करने के लिए मोदी खुद इस केस की मॉनिटरिंग कर रहे थे

कराई गईं, लेकिन कुछ साबित नहीं हुआ। कांग्रेस और बीजेपी दोनों ने 12 साल में देश को अच्छी सड़कें, पानी और बेहतर व्यवस्था नहीं दी। रेलवे, एयरलाइंस, बैंक और शिक्षा व्यवस्था खराब हो गई है। दिल्ली के पूर्व सीएम और आप नेता अरविंद केजरीवाल दिल्ली के कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में पूजा की।

# अब पंजाब में है बदलाव की बारीः सीएम नायब सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को पंजाब के गुरदासपुर जिले के दीनानगर में सैनी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब गुरुओं की धरती है, यह तप, त्याग और बलिदान की भूमि है। उन्होंने कहा कि विभाजन की वेदना झेलने के बावजूद यहां के लोगों ने कभी निराशा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और आत्मविश्वास को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब विधानसभा का आगामी चुनाव केवल सरकार बदलने का चुनाव नहीं है, यह चुनाव पंजाब की राजनीतिक दिशा को बदलने, समाज को सम्मान दिलाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि इस पावन भूमि पर आकर वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

उपस्थित जनसमूह को नमन करते हुए उन्होंने आह्वान किया कि सभी को मिलकर पंजाब को फिर से विकास के पथ पर अग्रणी राज्य बनाना है। उन्होंने कहा, हम सबने मिलकर पंजाब को फिर से रंगला पंजाब बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैनी समाज को सम्मान देने का काम किया है। मुझ जैसे एक छोटे कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाकर समाज को ताकत दी है। उन्होंने बताया कि सोमवार को हरियाणा विधानसभा में वे अपना दूसरा बजट पेश करेंगे।

उन्होंने कहा कि 217 संकल्पों में से 60 पूरे किए जा चुके हैं और 120 पर तेजी से काम चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में किडनी मरीजों को सभी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में मुफ्त डायलिसिस की सुविधा दी जा रही है।

# बंगाल में 50 लाख घुसपैठिए वोटर लिस्ट से हटाएः नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**

कूच बिहारः भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले में भाजपा की परिवर्तन यात्रा की शुरूआत की। इस मौके पर सभा को संबोधित करते



हुए नवीन ने दावा किया कि बंगाल में 50 लाख से ज्यादा घुसपैठियों को वोटर लिस्ट से हटाया गया है। पश्चिम बंगाल में एक दिन पहले ही स्पेशल इंटेंसिव रिविजन के बाद जारी वोटर लिस्ट से 63.66 लाख नाम हटाए गए हैं। नवीन ने आरोप लगाया कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए, वे घुसपैठिए थे और वे असली नागरिकों के लिए बनी सरकारी नौकरियों और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले रहे थे। ये लोग न सिर्फ असली नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन कर रहे थे, बल्कि देश की सुरक्षा के लिए भी खतरा थे। घुसपैठियों के लिए हमारा संदेश है कि अब समय आ गया है कि उन्हें बंगाल की धरती से बाहर किया जाए। हमें न सिर्फ घुसपैठियों को हटाना है, बल्कि एक मजबूत सरकार भी बनानी है जो विकास ला सके

**भ्रष्ट टीएमसी सरकार सिर्फ घुसपैठियों के लिए काम करती है- नवीन**

भाजपा अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घुसपैठियों को फर्जी दस्तावेज दिलाकर उन्हें संरक्षण दिया। ममता बनर्जी ने वोटर लिस्ट में शामिल घुसपैठियों को बचाने के लिए अदालतों का रुख किया, क्योंकि वे उनका वोट बैंक हैं। लेकिन जब महिलाओं का अपमान होता है, तो दीदी चुप रहती हैं।


राज्य को भ्रष्ट टीएमसी सरकार से मुक्त कराने की जरूरत है, जो सिर्फ घुसपैठियों के लिए काम करती है।

# ईरान हमलाः स्टूडेंट्स-कारोबारी हमले के बीच दुबई-अबूधाबी में फंसे

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोटा/जोधपुर/जयपुरः** द ईरान के यूएई और दुबई में हमला करने के कारण फ्लाइट्स कैंसिल हो गई हैं। इस कारण राजस्थान के जोधपुर, कोटा, सीकर के 100 से ज्यादा स्टूडेंट और अन्य लोग फंस गए हैं।

शनिवार को अचानक एयरस्पेस बंद होने से इनकी फ्लाइट कैंसिल हो गई। इन्हें तुरंत एयरपोर्ट से सुरक्षित होटल्स भेजा गया। इस दौरान दुबई और अबू धाबी एयरपोर्ट के



पास धमाके भी सुनाई दिए। सभी ने भारत सरकार से इन्हें सुरक्षित निकालने की मांग की है। वहीं, अजमेर में शिया समुदाय ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर 3 दिन के शोक का ऐलान किया है। जयपुर एयरपोर्ट ने पैसेंजर्स के लिए एडवाइजरी जारी की है। खाड़ी देशों में जाने वाली फ्लाइट्स भी कैंसिल हुई हैं।

> धमाके हो रहे हैं; अजमेर में शोक का ऐलान, जयपुर से उड़ानें कैंसिल, केंद्र सरकार की एडवाइजरी जारी

शनिवार को दुबई एयरपोर्ट पर फंसे कोटा के स्टूडेंट मिसाइल हमले का एक वीडियो भी

**कथावाचक के साथ दुबई गए 120 श्रद्धालु फंसे**

जोधपुर के 120 श्रद्धालु अबू धाबी में फंसे हैं। ये सभी लोग बड़ा रामद्वारा सूरसागर के संत अमृतराम महाराज की कथा सुनने के लिए दुबई गए थे। महाराज की 24 से 28 फरवरी तक दुबई में कथा थी। कथा 28 फरवरी को खत्म हुई थी। शनिवार को सभी अबू धाबी एयरपोर्ट पहुंचे। वहां पहुंचने के बाद उन्हें उड़ान रद्द होने की सूचना मिली। जोधपुर के कारोबारी गजेंद्र महिया दोस्तों के साथ दुबई में फंसे हैं। वे 23 फरवरी को दुबई घूमने गए।

# उप्र की विद्युत सखियों ने रचा इतिहास, ओटीएस में बना रिकॉर्डः केशव प्रसाद

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व एवं निर्देशन में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की दीदियाँ आज विभिन्न आजीविका गतिविधियों के माध्यम से न केवल अपनी आय में वृद्धि कर रही हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन की दिशा में उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य के गतिशील नेतृत्व के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। विद्युत बिल कलेक्शन में दीदियों की सक्रिय भागीदारी और उससे अर्जित आय में निरंतर वृद्धि को विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के प्रधानमंत्री के विजन को मूर्त रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इस कार्यक्रम से महिलाओं की आमदनी में वृद्धि तो हो ही रही है, साथ ही समाज में उनका मान-सम्मान और प्रतिष्ठा भी निरंतर बढ़ रही है।

## हिमूतकर्ष के वार्षिक समारोह में मिला सम्मान, कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए

# उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने नवाजी उत्तर भारत की विभूतियां

> 6 विभूतियों को हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता व तीन विभूतियों को हिमोत्कर्ष हिमाचलश्री पुरस्कार से सम्मानित किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**ऊना।** हिमोत्कर्ष साहित्य,संस्कृति एवं जनकल्याण परिषद का 52वां राज्य स्तरीय वार्षिक अधिवेशन रविवार को एलजेएन हिमोत्कर्ष राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटला खुर्द परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में





उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। जबकि कार्यक्रम में पूर्व विधायक ओपी रत्न व ब्रिगेडियर (से.नि.) राजीव ठाकुर विशिष्टातिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, विशिष्टातिथि पूर्व विधायक ओपी रत्न व ब्रिगेडियर (से.नि.) राजीव ठाकुर ने उत्तर भारत की 6 विभूतियों को हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता व तीन विभूतियों को हिमोत्कर्ष हिमाचलश्री पुरस्कार से सम्मानित किया। समारोह में स्व.आयशा पटियाल स्मारक हिमोत्कर्ष छात्रवृति के अंतर्गत प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से बीएससी माईक्रोबायोलोजी की टापर दीपिका को 25 हजार रूपए छात्रवृति,स्वर्ण पदक व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। जिला ऊना से प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में प्रथम 10 स्थानों पर रहने वाले 37 मेधावी विद्यार्थियों तथा जमा दो कक्षा के 22 विद्यार्थियों को स्व.संतोष कंवर स्मारक हिमोत्कर्ष मेधावी छात्रवृत्ति के अंतर्गत एक-एक हजार नगद छात्रवृत्ति, प्रशस्ति पत्र व स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया। समारोह में हिमोत्कर्ष अमोदिनी महिला सशक्तिकरण प्रकल्प के तहत 68 पात्र विधवाओं को 153000 रूपए का राशन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कुष्ठ आश्रम ऊना को 11 हजार रूपए की आर्थिक मदद उपलब्ध करवाई गई। एक किडनी रोगी सूजल को एक साल के लिए 2 हजार रूपए प्रतिमाह की मदद शुरू की गई,जबकि रोड़ा गांव के सोहन सिंह व सलोह गांव के सुभाष को व्हील चेयर प्रदान की गई। कार्यक्रम में संस्था ई-नोज कंप्यूटर कार्यक्रम के उतीर्ण 60 अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।



ACTION INDIA
नई दिल्ली, 02 मार्च 2026
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com



# हम सबने मिलकर पंजाब को फिर से रंगला पंजाब बनाना है: सीएम सैनी

पंजाब गुरुओं की धरती, तप-त्याग और बलिदान की भूमि है: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा में एक साल में 60 वादे किये पूरे, 120 पर तेजी से काम जारी, अब पंजाब में है बदलाव की बारी: मुख्यमंत्री, पंजाब विधानसभा का आगामी चुनाव केवल सरकार बदलने का चुनाव नहीं है, यह चुनाव पंजाब की राजनीतिक दिशा को बदलने, समाज को सम्मान दिलाने का अवसर है

**साधा निशाना**

विभाजन की वेदना झेलने के बावजूद यहां के लोगों ने कभी निराशा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को पंजाब के गुरदासपुर जिले के दीनानगर में सैनी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब गुरुओं की धरती है, यह तप, त्याग और बलिदान की भूमि है। उन्होंने कहा कि विभाजन की वेदना झेलने के बावजूद यहां के लोगों ने कभी निराशा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और आत्मविश्वास को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब विधानसभा का आगामी चुनाव केवल सरकार बदलने का चुनाव नहीं है, यह चुनाव पंजाब की राजनीतिक दिशा को बदलने, समाज को सम्मान दिलाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि इस पावन भूमि पर आकर वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उपस्थित जनसमूह को नमन करते हुए उन्होंने आह्वान किया कि सभी को मिलकर पंजाब को फिर से विकास के पथ पर अग्रणी राज्य बनाना है। उन्होंने कहा, हम सबने मिलकर पंजाब को फिर से रंगला पंजाब बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैनी समाज को सम्मान देने का काम किया है। मुझ जैसे एक छोटे कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाकर समाज को ताकत दी है। उन्होंने बताया कि सोमवार को हरियाणा विधानसभा में वे अपना दूसरा बजट पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि 217 संकल्पों में से 60 पूरे किए जा चुके हैं और 120 पर तेजी से काम चल रहा है। प्रदेश सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में किडनी मरीजों को सभी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में मुफ्त डायलिसिस की सुविधा दी जा रही है। बुजुर्गों को प्रत्येक माह की 10 तारीख तक पेंशन घर बैठे उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपए दिए जा रहे हैं। किसानों की फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी जा रही हैं और 48 घंटे में भुगतान सुनिश्चित किया गया है। भावांतर भरपाई योजना से भी किसानों को लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों को मकान बनाकर दिए जा रहे हैं और जिन परिवारों के पास जमीन नहीं है, उन्हें प्लॉट उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

लंबे समय से पंचायती भूमि पर निवास कर रहे परिवारों को मालिकाना हक भी प्रदान किया गया है।





## पंजाब की सत्ता कुछ हाथों में ही रहने से विकास प्रभावित हुआ: मुख्यमंत्री नायब सिंह

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब की सत्ता कुछ हाथों में सिमटने से विकास प्रभावित हुआ है। अब राजनीति की दिशा बदलने का समय है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में ओबीसी वर्ग एकजुट होकर निर्णायक भूमिका निभाएगा और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में योगदान देगा ताकि पंजाब को फिर से रंगला और खुशहाल प्रदेश बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पंजाब में 31 प्रतिशत ओबीसी वर्ग है, यह मिलकर राजनीति की धुरी बने और राजनीतिक भूमिका को निभाये। सैनी ने कहा कि आज पंजाब के हालात बेहद खराब है। बेरोजगारी, नशा, अपराध और पलायन से जूझ रहे पंजाब को इन समस्याओं से निजात दिलाने का अब वक्त आ गया है। इस कार्य में सैनी समाज को बड़ी भूमिका निभानी है।ॉ मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार चुनाव से पहले राहुल गांधी ने हरियाणा में वोट चोरी के आरोप लगाए, लेकिन इन आरोपों को जनता ने सिरे से खारिज करने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने सैनी समाज के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सरदार महंगा सिंह और हरि सिंह सैनी को समाज के हीरे बताते हुए उनके योगदान को याद किया। सैनी समाज नर सेवा के कार्यों में अग्रणी रहा है। पंजाब में बाढ़ के समय समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहायता की। चंडीगढ़ के प्रसिद्ध रॉक गार्डन के निमार्ता नेकचंद सैनी का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने समाज में कला और संस्कृति की अमिट छाप छोड़ी है।

## एसआईआर प्रक्रिया से चिन्हित हो रहे अवैध बांग्लादेशी-रोहिंग्या : नंद गोपाल नंदी





सीएम ने कहा कि पावन भूमि पर आकर वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उपस्थित जनसमूह को नमन करते हुए उन्होंने आह्वान किया कि सभी को मिलकर पंजाब को फिर से विकास के पथ पर अग्रणी राज्य बनाना है। उन्होंने कहा, हम सबने मिलकर पंजाब को फिर से रंगला पंजाब बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैनी समाज को सम्मान देने का काम किया है। मुझ जैसे एक छोटे कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाकर समाज को ताकत दी है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शहीदों के परिजनों और स्कूली बच्चों को सम्मानित किया। इस मौके पर पंजाब भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक अश्विनी शर्मा, अखिल भारतीय सैनी सभा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह सैनी तथा आयोजक जगदीश सैनी, रघुवीर सिंह सैनी, लवली सैनी, प्रवीण कुमार सैनी, हरवीर सिंह, दरबार सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश में मार्च में गर्मी दिखाएगी तेवर, पारा 40 डिग्री पार पहुंचेगा

**गर्मी का असर**

महीने की शुरूआत हल्की बारिश से हो सकती है, लेकिन दूसरे सप्ताह से गर्मी का असर तेजी से बढ़ेगा



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** इस बार मार्च में मध्य प्रदेश में गर्मी तेवर दिखाएगी। कई शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जाने की संभावना है। महीने की शुरूआत हल्की बारिश से हो सकती है, लेकिन दूसरे सप्ताह से गर्मी का असर तेजी से बढ़ेगा। दिन के साथ-साथ रात का तापमान भी बढ़ने लगेगा। मौसम विभाग के मुताबिक, मार्च से मई के बीच प्रदेश में सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना है। गर्मी का प्रभाव मार्च से ही दिखने लगेगा, जबकि लू (हीट वेव) का ज्यादा असर अप्रैल और मई में रहने की आशंका है। इस दौरान दिन और रात दोनों के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। 4 मार्च की रात से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय हो रहे नए वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर दो दिन बाद मध्य प्रदेश में भी दिख सकता है। कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना है। इसके बाद तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी के आसार हैं। अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान लगातार ऊपर जाएगा।

# बिना सत्यापन किराएदार रखने पर 40 मकान मालिकों पर 4 लाख का जुर्माना

**कार्रवाई**

बिना सत्यापन जनपद में निवास कर रहे अनेक लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की गई

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार:** जनपद के कोतवाली रानीपुर, भगवानपुर व रुड़की में चले सत्यापन अभियान के दौरान रविवार को 40 मकान मालिकों पर बिना सत्यापन कराए किराएदार रखने पर 4 लाख का जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही बिना सत्यापन जनपद में निवास कर रहे अनेक लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली रानीपुर में 45 व्यक्तियो को बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर 06 मकान मालिकों का कोर्ट चालान कर 60 हजार का जुर्माना लगाने के साथ 08 व्यक्तियो का 81 पुलिस एक्ट में चालान कर 2 हजार संयोजन शुल्क वसूला गया। कोतवाली भगवानपुर में 200 व्यक्तियों को बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर 30 मकान मालिको पर कुल ?3 लाख का कोर्ट चालान लगाया गया। जब कि कोतवाली रुड़की में 75 व्यक्तियों को बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर 04 मकान मालिको का कोर्ट चालान कर रुपये 40 हजार का जुर्माना लगाया गया।

# नागपुर फैक्ट्री विस्फोट में 17 लोगों की मौत, 18 घायल, आर्थिक मदद की घोषणा

**रेस्क्यू**

मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार सुबह विस्फोटक निर्माण फैक्ट्री 'एसबीएल एनर्जी लिमिटेड' में हुए धमाके में अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 18 अन्य गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को तत्काल नागपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, रविवार सुबह करीब 7:15 बजे फैक्ट्री की डेटोनेटर पैकिंग यूनिट में अचानक तेज धमाका हुआ। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि यूनिट में तुरंत भीषण आग लग गई और आसपास के क्षेत्रों में दहशत फैल गई। धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई, जिससे स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई।



घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं। इसके साथ ही राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीमों को भी राहत एवं बचाव कार्य में लगाया गया है। पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) तथा औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य निदेशालय (डीआईएएस) के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गए हैं। मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। इस बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घटना को अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

# जिंदल आईवीएफ ने हिमाचल प्रदेश के 21 साल से इनफर्टिलिटी से जूझ रहे कपल को सफल प्रेग्नेंसी में मदद की

**टीम एक्शन इंडिया**

**काँगड़ा:** उत्तरी भारत में आईवीएफ और आधुनिक प्रजनन तकनीक के लिए प्रसिद्ध जिंदल आईवीएफ ने 21 साल से संतान का इंतजार कर रहे एक दंपति को गर्भधारण कराने में सफलता हासिल की है। लंबे समय से बांझपन की समस्या से जूझ रहे इस परिवार के लिए यह एक बड़ी खुशी और उम्मीद की खबर है। यह मामला दिखाता है कि आज की आधुनिक मेडिकल तकनीक की मदद से कई साल पुरानी संतानहीनता की समस्या का भी सफल इलाज संभव है।हिमाचल प्रदेश के इस दंपति ने जुलाई 2025 में जिंदल आईवीएफ से संपर्क किया। पत्नी की उम्र उस समय 38 वर्ष और पति की उम्र 43 वर्ष थी। उन्हें कई वर्षों से बांझपन की समस्या थी जिसका मुख्य कारण फैलोपियन ट्यूब का ब्लॉकेज (ट्यूब बंद होना)था। विस्तृत जांच और सभी आवश्यक परीक्षणों के बाद डॉक्टरों ने उनकी स्थिति का मूल्यांकन किया।लंबे समय से चली आ रही समस्या और महिला की बढ़ती उम्र को ध्यान में रखते हुए दंपति को आईवीएफ उपचार की सलाह दी गई।

# नेटवर्किंग मीट में ऊर्जा संरक्षण पर किया मंथन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** आश्रेय (अमेरिकन सोसायटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रिजरेटिंग एंड एयर कंडीशनिंग इंजीनियर्स) के चंडीगढ़ चैप्टर के इंजीनियरों और सदस्यों ने होमटेल चंडीगढ़ में नॉलेज शेयरिंग और प्रोफेशनल नेटवर्किंग के उद्देश्य से एक नेटवर्किंग मीट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग सेक्टर तथा कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री से जुड़े लगभग 150 इंजीनियरों और प्रोफेशनल्स ने भाग लिया और ऊर्जा संरक्षण तथा ऊर्जा दक्षता पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के कार्यकारी निदेशक




प्रीतपाल सिंह ने अपने संबोधन में भवन निर्माण, ऊर्जा दक्षता और निर्मित वातावरण में टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट को बढ़ावा देने के लिये आश्रेय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। दौरान रविजीत सिंह, प्रीतपाल सिंह आहलूवालिया और तरुण मल्होत्रा ने ने संबंधित कार्यक्षेत्र पर प्रेजेंटेशन दी।। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऊर्जा संरक्षण और सस्टेनेबल सोल्यूशंस की बदलती भूमिका पर अपने विचार साझा किए, जो भविष्य के भवनों के निर्माण को दिशा देंगे। उन्होंने नेट-जीरो बिल्डिंग्स, एनर्जी मॉडलिंग, डिमांड कंट्रोल वेंटिलेशन और हाई-एफिशिएंसी चिल्ड वाटर सिस्टम्स जैसे विषयों पर भी विस्तृत विचार साझा किए, जो भविष्य के ऊर्जा-कुशल भवनों के निर्माण को दिशा देंगे। विचार-विमर्श के दौरान उद्योग में स्किल अपग्रेडेशन, रेगुलेटरी कंप्लायंस, एनर्जी कोड्स के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पब्लिक-प्राइवेट सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

**क्रियान्वयन**

स्किल अपग्रेडेशन, रेगुलेटरी कंप्लायंस, एनर्जी कोड्स के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया

# वन्य जीवों के पुनर्स्थापन में मप्र बन गया है देश का आदर्श मॉडल: डॉ. यादव



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्ध वन सम्पदा का अनुपम केन्द्र है। वन्य जीवों के पुनर्स्थापन में मध्य प्रदेश देश का आदर्श माडल बन गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को स्टेट हैंगर पर मीडिया से बातचीत करते बोत्सवाना से लाए गए चीतों के संबंध में जानकारी साझा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नदियों के मायके के रूप में ख्याति पा चुके मध्य प्रदेश में वन्यजीवों की कोई कमी नहीं है। फिर भी मध्य प्रदेश की धरती को नाना प्रकार के वन्यजीवों से समृद्ध करने के लिए सरकार सभी कदम उठा रही है। कूनो नेशनल पार्क में चीतों का पुनर्स्थापन इसी दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन इतिहास के लिए बड़ा अलग प्रकार का है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2022 से एक अद्वितीय निर्णय हुआ जब समूचे एशिया से चीता गायब हो गए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर केन्द्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने 2022 में मध्य प्रदेश को चीतों का नया घर बनाने का जो निर्णय लिया, आज उसकी अगली कड़ी में बोत्सवाना में राष्ट्रपति जी को जो उपहार में चीते मिले, उन चीतों का आज पुनः बसाहट का काम हुआ और आनंद की बात यह है कि 8 चीते देने की बात की थी और 9वां चीता भी लेकर के आए। आज की स्थिति में इन 9 चीतों को मिलाकर मध्य प्रदेश में अब 48 चीते हो गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह प्रकृति के साथ मनुष्य के संबंध के बेहतर परिणाम आए हैं कि हमने अपने वन्यप्राणी चीतों की बसाहट के लिए दुनिया के सामने एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जिस प्रकार से भारत में चहुंमुखी प्रगति प्रतिभा और चहुंमुखी विकास के दर्शन हो रहे है ऐसे प्रकृति का भी एक बहुत अनुपम उदाहरण बना है मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैं केन्द्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव का अभिनंदन करता हूं। मध्य प्रदेश की धरती पर ऐसे कई और प्रयोग हम लगातार करने वाले हैं। आने वाले समय में असम से जंगली भैंसे आएंगे। कल घड़ियाल और कछुए को हम छोड़ने वाले हैं।

**समृद्ध**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2022 से एक अद्वितीय निर्णय हुआ जब समूचे एशिया से चीता गायब हो गए थे

'चंद्रभान सिंह' बताया। उसने दावा किया कि सुमन के नाम से जम्मू में एचडीएफसी बैंक खाते में 70 लाख रुपये की संदिग्ध ट्रांजैक्शन हुआ है

# इंदौर के बुजुर्ग दंपत्ति डिजिटल अरेस्ट के हुए शिकार, जालसाजों ने 1.15 करोड़ रुपये ठगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंदौर।** मध्य प्रदेश इंदौर शहर के एक बुजुर्ग दंपत्ति डिजिटल अरेस्ट के शिकार हो गए। साइबर ठगों ने गिरफ्तारी का डर दिखाकर उनसे 1 करोड़ 15 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने शनिवार को अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हीरानगर थाना पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता 80 वर्षीय विजय सक्सेना और उनकी पत्नी सुमन सक्सेना (77वर्ष ), निवासी बजरंग नगर इंदौर के मोबाइल पर 15 नवंबर 2025 को वीडियो कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को पुणे एटीएस मुख्यालय का अधिकारी 'चंद्रभान सिंह' बताया। उसने दावा किया कि सुमन के नाम से जम्मू में एचडीएफसी बैंक खाते में 70 लाख रुपये की संदिग्ध ट्रांजैक्शन हुआ है और मामला आतंकवाद से जुड़ा है। जालसाजों ने लगातार वीडियो कॉल कर महिला और उनके पति को कथित पूछताछ के नाम पर घंटों बैठे रहने को मजबूर किया। उन्हें धमकी दी गई कि सहयोग नहीं किया तो गिरफ्तारी होगी, संपत्ति जब्त होगी और बच्चों को नुकसान पहुंचाया जाएगा। डर के माहौल में आरोपियों ने व्हाट्सऐप पर आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक संबंधी दस्तावेज मंगवा लिए। इसके बाद दो अलग-अलग बैंक खातों के



नंबर देकर कहा कि जांच पूरी होने तक रकम सुरक्षित ट्रांजैक्शन के रूप में ट्रांसफर करनी होगी। इसके बाद 20 नवंबर 2025 को महिला ने अपने खाते से 49.70 लाख रुपये और उनके पति ने 65.30 लाख रुपये एनईएफटी के माध्यम से बताए गए खातों में ट्रांसफर कर दिए। आरोपियों ने यह भी हिदायत दी कि बैंक में पूछताछ होने पर बताना कि रकम बेटियों के लिए भेजी जा रही है। रकम ट्रांसफर के बाद लगातार फोन कॉल्स और मानसिक दबाव के चलते पति की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। घटना के कुछ दिन बाद महिला ने पूरी जानकारी अपने दामाद को दी। इसके बाद मामले की शिकायत साइबर क्राइम ब्रांच में की गई। जांच के बाद हीरानगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (इठर) 2023 की धाराओं 318(4), 319(2) और 308 के तहत मामला दर्ज किया है। पीड़ित महिला सुमन सक्सेना ने बताया कि उन्हें चंद्रभान नामक बदमाश ने पहले 8402823868 नंबर से कॉल किया। इसके बाद प्रदीप लाल नामक बदमाश ने 8511309468 नंबर से वीडियो कॉल किया। 15 नवंबर को किए कॉल में चंद्रभान ने सुमन को फोन पर बताया कि पुलवामा, पहलगाम में छोटे बच्चों के रेप व मर्डर हुए हैं। इसमें आतंकवादी अफजल खान पकड़ा गया है, उसने आपका नाम लिया है। जम्मू के एचडीएफसी बैंक में आपका अकाउंट है और कमीशन के रूप में आपको 70 लाख रुपए दिये हैं। इसके चलते आप पर मनी लांड्रिंग का केस बनेगा। आप आतंकवादियों की मदद कर रहे हैं और आपको गिरफ्तार किया जाएगा। सुमन ने बताया कि हम कभी जम्मू गए ही नहीं और वहां हमारा किसी भी बैंक में अकाउंट नहीं है।

हरियाणा सरकार



"हमारे किसान भाई-बहनों पर देश को गर्व है।
ये जितना सशक्त होंगे,
नया भारत भी उतना ही समृद्ध होगा।"

**- नरेन्द्र मोदी**

# किसानों का आर्थिक उत्थान हमारा प्रथम लक्ष्य



**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना** - किसानों को **6000 रुपये** वार्षिक

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना** - अब तक 33 लाख 76 हजार से अधिक किसानों को **7223.36 करोड़ रुपये** बीमा क्लेम

**मेरी फसल, मेरा ब्योरा** - डी.बी.टी. के माध्यम से 12 लाख किसानों के खातों में पिछले 11 सीज़न की फसल खरीद के **1 लाख 60 हजार करोड़ रुपये** डाले गए

**भावांतर भरपाई योजना** - 34 हजार से अधिक बागवानी किसानों को **157.15 करोड़ रुपये** की राशि जारी

सभी 24 फसलों की खरीद **न्यूनतम समर्थन मूल्य** पर सुनिश्चित - **48 घण्टे के भीतर भुगतान**

**134 करोड़ रुपये** का बकाया आबियाना भी माफ किया

बारिश कम होने से किसानों के आर्थिक बोझ को कम करने के लिए खरीफ-2024 फसलों के लिए 2 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से **1345 करोड़ रुपये की बोनस राशि** जारी

गन्ने का भाव बढ़ाकर किया **415 रुपये प्रति क्विंटल तक**

## पहले विधानसभा सत्र में ही किसान हित में नए कानून

| | |
|---|---|
| हरियाणा कृषि भूमि पट्टा विधेयक - 2024 | ईस्ट पंजाब यूटिलाइजेशन ऑफ लैंड्स एक्ट - 1949 |



सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# कवियों ने शब्दों की रंगीन बौछारों से सभी को भिगोया, होली के रंग - कवियों

**टीम एक्शन इंडिया**
**रतिया/फतेहाबाद, 1 मार्च (एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)**
हरियाणा कला-संस्कृति मंच, फतेहाबाद एवं नीर धरोहर सोसाइटी, मताना के सौजन्य से ह्यहोली के रंग - कवियों के संगह्न कार्यक्रम का आयोजन बीघड़ रोड स्थित सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। विद्यालय के एमडी शिक्षाविद् सर्वजीत सिंह मान की अध्यक्षता व प्राचार्य रण सिंह रेपसवाल के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार व छायाकार डॉ. ओमप्रकाश कादयान थे। टोहाना से आए कवि-लेखक डॉ. नवल सिंह तथा हिसार से आई साहित्यकार डॉ. सुमन कादयान विशेष आमंत्रित अतिथि तथा हिन्दी सलाहकार समिति, वित्त मंत्रालय के सदस्य पवन सागर एवं हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के प्रधान राजपाल मिताथल विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कवि डॉ. सुदामा शास्त्री ने मंच संचालन किया। हरियाणा कला संस्कृति मंच के जिला प्रधान व युवा कवि डॉ. रणधीर मताना ने अतिथियों का स्वागत किया तथा नीर धरोहर सोसाइटी की अध्यक्ष मुकेश वर्मा ने सभी का धन्यवाद किया। आमंत्रित कवियों डॉ. सुरेश पंचारिया, सुमनलता ह्यसुमनह्न, सन्तोष शीला, देवेन्द्र अशंक,



सुरेन्द्र जांडली, डॉ. सुदामा शास्त्री, पवन सागर, रणधीर मताना, डॉ. सुमन कादयान, नवल सिंह, राजपाल मिताथल, डॉ. बलराज यथार्थ व हरज्ञान सुथार ने रंगीन काव्य फुहारों से सबको अन्तर्मन तक भिगोया। रंगों की फुहार, गुलाल का हुड़दंग, बसन्त की मादकता, फाग का आकर्षण, होली की मस्ती, व्यंग्य तीर सब इस कार्यक्रम में देखने को मिला। कार्यक्रम के अध्यक्ष सर्वजीत सिंह मान ने होली की शुभकामनाएं देते हुए बुराइयों व नकारात्मकता को होली की अग्नि में जलाकर प्रेम, सहयोग, भाईचारा, समाज सेवा को अपनाने की सलाह दी। मुख्य अतिथि डॉ. ओमप्रकाश कादयान ने कहा कि हमारा जीवन होली के रंगों की तरह उल्लास से भरा होना चाहिए। जीवन एक उत्सव है, रंग उसमें खुशियां भरते हैं। अगर हम नकारात्मक सोच का परित्याग करके सकारात्मक सोचें तो निःसंदेह हमारा जीवन होली के रंगों की तरह खिला-खिला व ऊर्जा से भरा रहेगा। डॉ. कादयान ने सफल जीवन जीने के लिए मेहनत करने तथा साहित्य व कला से जुड? की सलाह दी। डॉ. सुरेश पंचारिया ने अपने शब्दों की पिचकारी श्रोताओं व कवियों पर कुछ यूँ फेंकी, ह्यरंग-बिरंगी उत्सव वाली सबकी होली आई है, मस्ती की पिचकारी लेकर कवियों की टोली आई हैह्न। युवा कवि देवेन्द्र अशंक ने कहा, ह्यफाग्गण में रंग बरसे भरतार जल्द आइयो रे, हमरे लिए एक प्रेम का तोफा भी तुम लाइयो रेह्न। कवयित्री सुमनलता ह्यसुमनह्न ने होली खेलने की तैयारियां कुछ इस तरह से की, ह्यचलो जी चलते हैं बाजार, रंग लेकर आयेंगे चार, गुलाबी, पीला, नीला, लाल, सभी रंगों से मुझको प्यारह्न। वरिष्ठ कवि-लेखक डॉ. सुमन कादयान ने होली की मस्ती को इस तरह से बयां किया, ह्यचलो गली मोहल्ले में फिर से हुड़दंग मचाते हैं, होली पर इस बार तेरी गलियों से होकर जाते हैंह्न। हिन्दी प्रवक्ता सन्तोष शीला ने फाग के उल्लास का सुन्दर तरीके से वर्णन किया,

## न्यूज फ्लैश

### 23 मार्च को होने वाला युवा सम्मेलन अब नरवाना की बजाय जींद की नई अनाज मंडी में होगाः करण चौटाला



**सिरसा (रणबीर खटक)** इंडियन नेशनल लोकदल के युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी करण चौटाला ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया की 23 मार्च को नरवाना में आयोजित किए जाना वाला प्रदेश स्तरीय युवा सम्मेलन का स्थान बदल दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों से जगह बदलने की मांग आने के कारण सर्वसम्मति से अब जींद स्थित नई अनाज मंडी में ये युवा सम्मेलन होना तय किया गया है। जींद की नई अनाज मंडी की कैपेसिटी भी नरवाना के मुकाबले कई गुना अधिक है और पूरे प्रदेश के सभी जिलों से आने वाले युवाओं के लिए पहुँचने में भी आसानी रहेगी।

करण चौटाला ने कहा कि बीजेपी सरकार ने युवाओं की बहुत बेकद्री की हुई है जिसके कारण हरियाणा का युवा बेहद हताश और निराश है और बीजेपी सरकार द्वारा रोजगार और सरकारी नौकरियाँ उपलब्ध ना करवाने और सरकारी नौकरियों में बाहर के लोगों को तरजीह देने के बेहद आक्रोशित है। इस युवा सम्मेलन में पूरे हरियाणा के सभी जिलों से युवा आयेंगे और सरकार को युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ हुंकार भरेंगे। करण चौटाला ने बीजेपी सरकार को चेताते हुए कहा कि हरियाणा का युवा इतना कमजोर नहीं है जो अपनी अनदेखी के चलते चुप बैठ जाएगा। इनेलो का युवा संगठन प्रदेश के युवाओं की आवाज बनकर उनके हकों की लड़ाई लड़ने को तैयार है। ये युवा सम्मेलन आगे आने वाले युवाओं के भविष्य की दशा और दिशा तय करेगा।

### जगाधरी व क्षेत्र में आज मनाया जाएगा को होली का पर्व।



**नितिन सिंगला जगाधरी**
विनोद शर्मा ने बताया कि 2 मार्च दिन सोमवार को होलिका दहन का पावन पर्व श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रातः कल से ही विधि-विधान के साथ होलिका पूजन प्रारंभ होगा तथा सायं लगभग 6:30 से 7:00 बजे के बीच शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया जाएगा। विनोद शर्मा ने कहा कि होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है, इसलिए हम सभी मिलकर प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश फैलाएं। इसके अतिरिक्त 4 मार्च को फाग उत्सव भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसमें भजन-कीर्तन एवं रंगारंग कार्यक्रम आयोजित होंगे।
केमिकल युक्त रंगों की बजाय फूलों और प्राकृतिक रंगों से खेले होली पर्व
एस,डी, एम विश्वनाथ सिंह ने कहा कि केमिकल युक्त रंगों की बजाय फूलों और प्राकृतिक रंगों से होली खेलें, ताकि पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि त्योहारों की असली पहचान हमारी संस्कृति और परंपराओं से होती है, इसलिए अशोभनीय हरकतों से बचना चाहिए। प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं चौंकी प्रभारी बुढिया गेट जसपाल सिंह ने भी युवाओं से कहा कि होली के नाम पर किसी प्रकार का हुड़दंग, जबरन रंग लगाना, शराब पीकर वाहन चलाना या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है और गश्त बढ़ा दी गई है। जसपाल सिंह ने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को त्योहार की मयार्दा समझाएं और सुरक्षित ढंग से होली मनाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि यदि कहीं कोई असामाजिक तत्व शांति भंग करने का प्रयास करता है तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। चौंकी प्रभारी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि होली और फाग पर्व को प्रेम, सद्भाव और सादगी के साथ मनाएं, ताकि क्षेत्र में खुशियों और भाईचारे का संदेश जाए।

### गुरुग्रामः विदेशी व्यक्ति को झूठी जमानत दिलाने का एक आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** फर्जी दस्तावेजों के आधार पर विदेशी आरोपी को झूठी जमानत दिलाने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने रविवार को बताया कि पुलिस थाना शिवाजी नगर में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# सिरसा में जन औषधि दिवस पर निशुल्क स्वास्थ्य



**सिरसा(रणबीर खटक)** जन औषधि दिवस के अवसर पर शिव चौक से अनाज मंडी रोड स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र में एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आमजन, विशेषकर जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना था। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ उठाया। इस अवसर में एमडी डा. पी.आर. कायस्थ ने लगभग 100 मरीजों की जांच की। उन्होंने मरीजों की स्वास्थ्य स्थिति का गहन परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श दिया। शिविर में रक्त जांच की सुविधा पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध करवाई गई। इसके अंतर्गत शुगर, सीबीसी (कम्प्लीट ब्लड काउंट) और बीपी (ब्लड प्रेशर) की जांच बिना किसी शुल्क के की गई। आधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित स्टाफ की सहायता से जांच प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न किया गया। शिविर में पहुंचे मरीजों ने इस पहल की सराहना की। कई मरीज ऐसे थे जो नियमित जांच नहीं करवा पाते थे, उन्हें इस शिविर के माध्यम से अपने स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला। जांच के बाद मरीजों को आवश्यकतानुसार दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गईं। विशेष रूप से जरूरतमंद मरीजों को दवाइयां निशुल्क प्रदान की गईं, जिससे उन्हें आर्थिक राहत मिली।शिविर के सफल आयोजन में अनेक लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संदीप मेहता, सुरेश शर्मा, अभिनन्दन, डा. रमेश अरोड़ा, साजन, देवराज, समीर, महावीर शर्मा, दीपिका, तनिष्क, शुभम तथा लैब टेक्निशियन नरेन्द्र कुमार ने पूरे समर्पण और सहयोग के साथ अपनी ज़िम्मेदारियां निभाईं। सभी ने मिलकर व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया, जिससे शिविर में आए लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। शिविर के समापन अवसर पर वार्ड 18 के

# शांति कॉलोनी बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन में संतों ने दिया एकजुटता का संदेश

**नितिन सिंगला जगाधरी**
**जगाधरी।** शांति कॉलोनी बस्ती की ओर से हनुमान गेट पर रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या मे क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। सम्मेलन में आजात आश्रम गीता धाम नुक्कड़ से आए संत आनंद स्वामी तथा आजात आश्रम घिलौर से आए स्वामी संतोषानंद ने शिरकत की। राजकीय महाविद्यालय अहडवाला से सहायक प्रोफेसर आरती ने पांच परिवर्तन विषय पर अपने विचार रखते हुए शिक्षा, संस्कार, स्वावलंबन, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभावना को मजबूत करने पर जोर दिया। अंबाला विभाग कार्यकारिणी सदस्य मानसिंह मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम संयोजक अनिल अरोड़ा ने सभी का स्वागत करते हुए सम्मेलन के



उद्देश्य पर प्रकाश डाला। संत आनंद स्वामी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की शक्ति उसकी एकजुटता में निहित होती है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे आपसी मतभेद, जाति-पाति और व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठकर धर्म और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें। उन्होंने कहा कि जब समाज संगठित रहता है तो कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से आग्रह किया कि वे अपनी संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों को अपनाते हुए समाज सेवा में आगे आएं।स्वामी संतोषानंद जी महाराज ने हिंदू सम्मेलन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता फैलाने और लोगों को एक मंच पर लाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि सम्मेलन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने का माध्यम भी हैं। इन आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है और समाज में संगठन की भावना विकसित होती है। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि वे ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लें और समाज को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें।

**विशेष बैठक**

हरियाणा सिख गुरुद्वारा कमेटी स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सेवा कार्यों का विस्तार भी करेगी

### जींद : दो बाइक की भिडंत में एक की मौत, तीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद।** गांव डाहौला के निकट दो बाइक में हुई टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। अलेवा थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात बुलेट चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# सिरसा में ग्लोबल स्पेस के दावे फेल! लोगों ने खुद बनवाई सड़क,

**सिरसा (रणबीर खटक)** शहर की ग्लोबल स्पेस कॉलोनी में उस समय अनोखा नजारा देखने को मिला जब लोगों ने कंपनी के दावों से तंग आकर खुद ही सड़क बनवा दी। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि ग्लोबल स्पेस ने प्लॉट बेचते समय पक्की सड़क, सीवरेज और बुनियादी सुविधाओं के बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन लंबे समय बाद भी काम पूरा नहीं किया गया।कॉलोनीवासियों का कहना है कि कई बार कंपनी प्रबंधन से संपर्क किया गया, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। बरसात के दिनों में कीचड़ और गड्ढों से लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता था।



बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही थी।आखिरकार तंग आकर कॉलोनी के लोगों ने आपस में चंदा इकट्ठा किया और खुद ही सड़क निर्माण का काम शुरू करवाया। काम पूरा होने पर विधिवत नारियल फोड़कर सड़क का शुभारंभ किया गया। इस दौरान लोगों ने साफ कहा कि जब कंपनी ने जिम्मेदारी नहीं निभाई तो उन्हें खुद आगे आना पड़ा।निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि कंपनी के खिलाफ जांच कराई जाए और जो वादे किए गए थे, उन्हें पूरा करवाया जाए। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते सुविधाएं दी जातीं तो उन्हें यह कदम न उठाना पड़ता।

# सिरसा पुलिस ने लाखों रूपए की 26 ग्राम 56 मिलीग्राम हेरोइन सहित युवक को दबोचा

**सिरसा(शुभम.खटक)** सिरसा पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की एक टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए एक युवक के कब्जा से लाखों रुपये की 26 ग्राम 56 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है।एसपी दीपक सहारन ने जानकारी देते हुए बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल की एक पुलिस टीम गश्त एवं चेकिंग के दौरान वार्ड नंबर 19 क्षेत्र में मौजूद थी। जब टीम डकोतों वाली गली की ओर बढ़ रही थी, तभी सामने से एक युवक आता दिखाई दिया। पुलिस वाहन को देखकर युवक ने अचानक मुड़कर भागने का प्रयास



किया। संदेह होने पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए युवक को काबू कर लिया।पूछताछ में आरोपी की पहचान रोहित कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी वार्ड नंबर 19, सिरसा के रूप में हुई। नियमानुसार राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 26 ग्राम 56 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना शहर सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच शहर थाना पुलिस को सौंपी गई है। पुलिस द्वारा आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा, ताकि उससे गहन पूछताछ कर हेरोइन तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की पहचान की जा सके।पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि जिला सिरसा में नशा तस्करी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नशा तस्करों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# रंगों के त्यौहार होली के पर्व को लेकर सिरसा पुलिस सुरक्षा की दृष्टि से पूरी तरह

**सिरसा, (शुभम खटक)** रंगों के त्यौहार होली के पावन पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न करवाने के उद्देश्य से सिरसा पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने जिला के समस्त नागरिकों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि होली आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव का पर्व है, जिसे सभी को मिल-जुलकर शांतिपूर्ण ढंग से मनाना चाहिए।
पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार सिरसा पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। होली के अवसर पर हुड़दंग, तेज रफ्तार वाहन चलाने, बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे छोड़कर दहशत फैलाने तथा शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की



जाएगी। इस संबंध में यातायात पुलिस सहित सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित कींजाए।
जिला के सभी कस्बों, नैशनल हाईवे तथा मुख्य मार्गों पर विशेष नाकाबंदी कर चैकिंग अभियान चलाया जाएगा। संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन जांच की जाएगी। असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने और उन पर पैनी नजर रखने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित गश्त के साथ-साथ दिन एवं रात्रि गश्त में भी बढ़ोतरी करें तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखें।
जिला की सीमाओं पर भी विशेष सतर्कता बरती जाएगी। पंजाब एवं राजस्थान से लगती सीमाओं पर चौकसी बढ़ाते हुए वहां से गुजरने वाले प्रत्येक व्यक्ति और वाहन की जांच की जाएगी। संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। सिरसा शहर के साथ-साथ ऐलनाबाद, रानियां, बड़ागुढा और चोपटा कस्बों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।
भीड़भाड़ वाले बाजारों में वदीर्धारी पुलिस कर्मियों के अतिरिक्त सादी वर्दी में भी पुलिस तैनात रहेगी। जहां महिलाओं का अधिक


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें। फोन : 73476708
वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम।
रूद्राश 9815119633, 9855577523
कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 7087033731

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# आबादी के बढ़ने से फ्लैट निर्माण जैसी तकनीक को खेती में भी प्रयोग करने की जरुरतः श्याम सिंह राणा

कृषि मेला

☐ किसान को प्राकृतिक तरीके से खेती और कम पानी वाली फसलों को अपनाने की जरुरत



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 1 मार्च (विजय कौशिक)**
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि जिस प्रकार आबादी के बढ़ने पर फ्लैट निर्माण हो रहे हैं वैसे ही खेती में भी तकनीक का प्रयोग करने की जरूरत है। धरती पर जमीन का दायरा तय है। जैसे-जैसे परिवार बढ़ रहा है वैसे ही भूमि घट रही है। किसानों को समझना होगा कि वो अपनी जमीन को कैसे बचाएं। प्राकृतिक तरीके से खेती और कम पानी वाली फसलों को अपनाने की जरूरत है।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा रविवार को लाडवा की अनाज मंडी में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार की ओर से आयोजित दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय कृषि विकास मेले के समापन पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। मंत्री श्याम सिंह राणा ने मेला परिसर और प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने स्मृति चिन्ह, पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया। उन्होंने ड्रा योजना के तहत ड्रम से पर्ची निकाली, इसमें दूसरे दिन पानीपत के गांव मदी निवासी संदीप की धान की सीधी बिजाई करने वाली डीआरएस मशीन निकली। मंच से पहले दिन ड्रा में निकले ट्रैक्टर, डीआरएस मशीन व रोटावेटर मशीन देकर किसानों को सम्मानित किया।

मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्राचीन समय से कहावत में उत्तम खेती मध्यम व्यापार कहा जाता है। इसका मतलब है कि शुरूआत से ही खेती को उत्तम माना जाता है। जिस देश की खेती उत्तम होगी, वो देश उतनी ही तरक्की करेगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश की जमीन सबसे ज्यादा समतल है। यहां पर देश में सबसे ज्यादा अनाज का उत्पादन होता है। हर फसल का उत्पादन यहां पर किया जाना संभव है। हमारे बुजुर्ग शुरू से ही हर तरह की फसल का उत्पादन करते आए हैं।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि आज हमारे देश को किसान हितैषी, अनुभवी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व मिला है। प्रधानमंत्री जमीन से जुड़े होने के कारण व्यापारी, किसान के बारे में सोचते हैं। उन्हीं योजनाओं को हमारी प्रदेश की सरकार भी किसानों के लिए लागू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य तय किया है। जिसको ध्यान में रखते हुए देश को आगे बढ़ाने के लिए योजनाएं तैयार की जा रही हैं। इनका उद्देश्य किसान की वास्तविक आय को 4 गुणा बढ़ाना है।

मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि किसान को विकसित बनाने के लिए देश में सबसे पहले हरियाणा प्रदेश में सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदना शुरू किया। इसके बाद शहर और बागवानी की 21 फसलों पर भी एमएसपी निर्धारित किया। वहीं भावांतर भरपाई योजना के माध्यम से किसानों के फसल को मंडी में मिलने वाले भाव के अंतर को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब जगह जगह पर किसान सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है।

कांग्रेस के शासन में फसल मंडी में बेचने वाले किसान की बजाए किसी और के खातों में भेजे जाते थे पैसे

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले की सरकारों ने खेती की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया।

# आज विधानसभा में जनहितैषी बजट पेश करेंगे मुख्यमंत्री नायब सैनी : सुभाष कलसाना

दौरा

☐ कलसाना ने असम से लौटते ही ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचकर बैठकों का दौरा शुरू कर दिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहाबाद : (प्रदीप कुमार)** भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने असम से लौटते ही शाहाबाद के ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचकर भाजपा कार्यकत्ताओं से बैठकों का दौरा शुरू कर दिया। इसी कड़ी में सुभाष कलसाना गांव चनारथल में पहुंचे और वहां कार्यकताओं के साथ संवाद किया। गांव पहुंचने पर कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। सुभाष कलसाना ने कहा कि हरियाणा में बेरोजगारी की दर देश में सबसे कम है जो मुख्यमंत्री नायब सैनी की विकासकारी नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैने धरातल से जुड़े हुए व्यक्तित्व है और वह आज प्रदेश के सभी वर्गों, किसान, युवा, कर्मचारी, शिक्षा, व्यापार, महिलाओं, खेलों सभी के हितों का ध्यान रखते हुए जनहितकारी बजट पेश करेंगे। सुभाष कलसाना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 विजन की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के कुशल मार्गदर्शन में हरियाणा चहुंमुखी विकास की राह पर तेजी से अग्रसर है। सडक, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हो रही है। किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए नयी-नयी योजनाएं शुरू की गई हैं, जो राज्य को समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कार्यकताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए सुभाष कलसाना ने आश्वासन दिया कि इनका जल्द समाधान किया जाएगा।

उन्होंने कार्यकताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर विकास के संकल्प को साकार कर रही है। इस अवसर पर जगतार सिंह, जरनैल सिंह, सुरेन्द्र, संदीप, सतपाल, राममूर्ति, गुरविन्द्र सिंह, हरभजन सिंह, लाभ सिंह, शुभम, नरेश कुमार, दर्शन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गांव बन के बीचों-बीच पंचायती जमीन पर बना डंपिंग प्वाइंट, ग्रामीणों में गंदगी को लेकर रोष



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 1 मार्च (विजय कौशिक)** : मुख्यमंत्री नायब सैनी की विधानसभा के गांव बन में गांव के बीचोंबीच पंचायती जमीन पर गंदगी के ढेर लगे पड़े हैं लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। आसपास रहने वाले ग्रामीणों के मकानों के सामने फैली गंदगी व बरसात में जलभराव से लोगों का जीना दूभर है। गांव के लोगों में सुरेन्द्र ,तीर्थ राम, योगेश, विजय कुमार आदि का कहना है कि गांव के सरपंच को इस बारे में कई बार बोल दिया गया लेकिन आश्वाशन के इलावा कुछ नही मिल। आसपास बने मकानों में रहने वाले लोग गंदगी से उठती दुर्गंध के कारण नरक समान जीवन जी रहे हैं।आसपास के लोगों का कहना है कि इस गंदगी के कारण बरसातों के मौसम में हर दिन किसी ना किसी के घर सांप घुस जाते हैं जिससे पूरे मोहल्ले में डर का माहौल बना रहता है। उन्होंने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि इस पंचायती जगह से गन्दगी के ढेर को उठाकर साफ सफाई की जाए ताकि कोई अप्रिय घटना से बचा जा सके।ये समस्या ग्रामीण इलाकों में एक गंभीर समस्या बन चुकी है जो न केवल बदबू फैलाता है बल्कि स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा पैदा कर रहा है। ऐसे डंपिंग स्थलों के कारण स्थानीय लोग भयानक गंदगी बीमारियों और सांस लेने में कठिनाई का सामना करते हैं।

ब्यानः बीडीपीओ

जब इस बारे में लाडवा बीडीपीओ विनोद कुमार से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा बन गांव का मामला उनके पहले भी संज्ञान में आया था पहले भी पंचायत को बोल दिया गया था अगर सफाई नहीं हुई तो पंचायत को दोबारा इस बारे में बोल कर सफाई करवा दी जाएगी।

# होली को मर्यादा, सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ मनाएः रंजीता

**पानीपत/ टीम एक्शन इंडिया**
जिले की प्रमुख सामाजिक संस्था फैला उजियारा फाउंडेशन ने होली के पावन अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर जिला वासियों से होली को सौहार्द, शालीनता और आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।

फाउंडेशन अध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक ने होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि रिश्तों को मजबूत करने का पर्व है।

यह पर्व हमें सद्भाव और एकता के रंग में रंगने का संदेश देता है।

उन्होंने कहा कि हमें होली को मयार्दा, सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ मनाना चाहिए। नशे, हुड़दंग और किसी भी प्रकार की अशोभनीय गतिविधियों से दूर रहकर ही हम इस पर्व की पवित्रता बनाए रख सकते हैं।

# शाहाबाद में गौ वंश को छुड़ाने गई गौरक्षा दल की टीम पर तस्करों द्वारा हमला



**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहाबाद(प्रदीप कुमार)** में आज सुबह गौ तस्करों द्वारा गौ रक्षकों पर हमले की खबर सामने आई घटना शाहाबाद के जलेबी पुल की बताई जा रही है जब गौ रक्षक एक गाड़ी का पीछा कर रहे थे जिसमें गौ वंश था आरोप है कि गौ तस्कर द्वारा गौ रक्षा दल के सदस्यों पर फायरिंग की गई और गाड़ी चढ़ाने की कोशिश भी की गई। लेकिन किसी तरह गौ रक्षक खुद का बचाव करते हुए 2 गौ तस्करों को पकड़ लेते है पुलिस भी सूचना पाकर मौके पर पहुंचती है और पकड़े गए 2 गौ तस्करों को अपने साथ ले जाती है गौ गौ रक्षा दल के सदस्यों का कहना है कि वह गौ तस्करी की सूचना पर गाड़ी का पीछा कर रहे थे जैसे ही गाड़ी को रुकवाने की कोशिश की जाती है तभी गौ तस्करों द्वारा उन पर हमला बोल दिया जाता है। लेकिन गनीमत रही की इस फायरिंग में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। गौ रक्षा दल के सदस्यों का कहना है कि गाड़ी में पांच लोग सवार थे जिनमें से दो को पकड़ने में वह कामयाब रहे अन्य तीन मौके से फरार हो गए।

थाना शाहाबाद के सब इंस्पेक्टर अंकित कुमार यह जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें सुबह करीब 4:30 बजे सूचना मिली थी जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे जहां पर दो गौ तस्करों को पकड़ा हुआ था जिन्हें आज कोर्ट में पेश कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज फ्लैश

# जनसेवा ही मेरा धर्मः शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा



**पानीपतः** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि वे 100 प्रतिशत ईमानदारी से जनता की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उनका प्रत्येक कार्य जनहित को समर्पित है। वे रविवार को वार्ड 21 और 25 के सामूहिक पार्क तथा ताऊ देवीलाल पार्क के सौंदर्यकरण के शिलान्यास अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने देवी लाल पार्क के बाहर से तीन स्वीपिंग मशीनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम स्थल पर मंत्री के पहुंचते ही लोगों ने फूल-मालाओं और बुके भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। ह्यजय-जयकारह्व के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा और माहौल उत्साहपूर्ण बन गया।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जिन पार्कों में कभी गंदगी और बदहाल स्थिति थी, वहां अब करोड़ों रुपये की लागत से आधुनिक सुविधाओं से युक्त मॉडल पार्क तैयार किए जाएंगे। लगभग सात माह में निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

उन्होंने विशेष रूप से ताऊ देवीलाल पार्क के सौंदर्यकरण पर जोर देते हुए कहा कि यहां आधुनिक रनिंग ट्रैक, वॉकिंग ट्रैक, उत्कृष्ट पौधारोपण, एक एकड़ में सुंदर झील, योग हॉल और मल्टीपर्पज हॉल का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे यह पार्क क्षेत्र की पहचान बनेगा।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पार्कों के आसपास 100 से अधिक दुकानों के विकसित होने की संभावना है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

मंत्री महीपाल ढांडा ने वार्ड में स्कूल खोलने की मांग पर सहमति जताते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी शीघ्र ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी नागरिक हरियाणा विधानसभा की कार्यवाही देखने के लिए चंडीगढ़ आ सकता है; इसके लिए पूर्व सूचना देने पर उनके ठहरने और भोजन की व्यवस्था की जाएगी।

मेयर कोमल सैनी ने कहा कि सेक्टर-25 और ताऊ देवीलाल पार्क के सौंदर्यकरण की मांग लंबे समय से उठ रही थी। अब इस दिशा में ठोस पहल की गई है। उन्होंने कहा, ह्लइन पार्कों के कायाकल्प के बाद क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी और नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित व आधुनिक वातावरण मिलेगा। यह विकास कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य सौगात साबित होगा।

अतिरिक्त उपायुक्त एवं निगम आयुक्त डॉ पंकज ने कहा कि परियोजना के लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी और बहुत कम समय में धरातल पर काम दिखाई देने लगेगा। उन्होंने पार्कों के सौंदर्यकरण से जुड़ी विस्तृत योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए कहा कि निर्माण गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

इस अवसर पर डीएसपी सुरेश सैनी, मार्केट कमेटी अध्यक्ष अवतार सिंह शास्त्री, सुरेश गुंबर, सुरेंद्र जोगी, पार्षद मनजीत कौर, संजीव दहिया, अतर सिंह, सरपंच चिरंजीत, सरपंच सोनू सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सर्वसमाज विराट हिन्दू सम्मेलन सनातन नियमों और सांस्कृतिक संस्कृति पर आधारित मूल्यों का प्रचार प्रसार के लिए एक प्रयासः राजकुमार



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (संजय नरवाल)**
नरायणा गांव में हुऐ सर्वसमाज विराट हिन्दू सम्मेलन में वक्ताओं ने इस सम्मलेन में आठ नियम रखे। पहलाः सर्वसमाज की प्रतिभाओं को बिना जाति , नस्ल भेदभाव के एक मंच पर लाना।दूसराः गौ पालन ही गौरक्षा का सर्वोत्तम तरीका है इसलिए अपनी आर्थिक स्थिति के हिसाब से गाएं पालन करें। तीसराःबिना संस्कारिक शिक्षा के उच्च स्तररिय शिक्षा शून्य। परिवार संस्कारिक शिक्षा पर ध्यान दें।चारः इस युग में सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, देश प्रेम कुटुम्ब प्रबोधन के बिना सम्भव नहीं। सभी को चाहिए कि वे अपने बड़ों के साथ बैठें और अपने बच्चों को समय दें।उनसे उम्र के हिसाब से हर विषय पर चर्चा करें। माह में अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार एक बार परिवार भोज अवश्य करें।पांचः हर व्यक्ति अपने घर में परिवार प्रयोग के लिए कोई भी एक सब्जी, एक पुष्प और एक तुलसी पौधा जरूर लगाएं। छः अपने बच्चों को अपनी व अपने देश की संस्कृति और साहित्य के साथ इतिहास की जानकारी दें। उनका मूल्य व जरूरत जरूर बच्चों को बताएं। सातः शिक्षा के साथ हस्त रोजगार जरूर सिखाएं।आठः बेफि जूल और दिखावे के खर्च पर अकुंश लगाने की शिक्षा दे और स्वयं भी इन नियमों का पालन करें। सोमपाल शर्मा, मोहन कौशिक, विनोद शर्मा, सुनील किवाना, कमांडर गुलाब सिंह, कैप्टन रामपाल सिंह, हरिओम शास्त्री, गुलशन, अमन, कर्ण सिंह के साथ सैकड़ों गांव व आसपास के लोग मौजूद थे।

# किसान जागृति यात्रा का खरखौदा में जोरदार स्वागत

जागृति यात्रा

☐ *एमएसपी की कानूनी गारंटी और कर्ज मुक्ति के संकल्प के साथ जींद रवाना




**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा** : कन्याकुमारी के छोर से शुरू होकर कश्मीर की बर्फीली वादियों तक का सफर तय करने वाली 'किसान जागृति यात्रा' सोनीपत जिले की खरखौदा अनाज मंडी पहुंची। किसानों के अधिकारों की अलख जगाने वाली इस यात्रा का स्थानीय किसानों और मंडी पदाधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। अनाज मंडी में ठहराव के बाद, रविवार सुबह भारी संख्या में किसानों के हुजूम के साथ यह यात्रा अपने अगले पड़ाव जींद के लिए रवाना हुई। आपको बता दे कि ?7 फरवरी को कन्याकुमारी से शुरू हुई यह यात्रा देश के विभिन्न राज्यों से गुजरते हुए किसानों को एकजुट कर रही है। इस यात्रा का समापन 12 मार्च को कश्मीर में होगा, जिसके बाद दिल्ली के रामलीला मैदान में एक विशाल शक्ति प्रदर्शन की तैयारी है। ?खरखौदा में एकत्रित किसानों को संबोधित करते हुए प्रख्यात किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने देश की कृषि व्यवस्था की वर्तमान स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज देश का अन्नदाता कर्ज के ऐसे दलदल में फंसा है, जिससे बाहर निकलना उसके लिए अकेले मुमकिन नहीं है। ?डल्लेवाल ने सुप्रीम कोर्ट के संदर्भों का हवाला देते हुए एक चौंकाने वाला आंकड़ा पेश किया। उन्होंने कहा, "यह बेहद दुखद है कि अब देश की सर्वोच्च अदालत भी मान चुकी है कि अब तक करीब चार लाख किसान आत्महत्या कर चुके हैं। यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि चार लाख परिवारों की बबार्दी की दास्तां है।" उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते किसानों को इस आत्मघाती स्थिति से बाहर निकालने के लिए गंभीर कदम नहीं उठाए गए, तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगी। ?किसान नेताओं ने आंकड़ों के जरिए यह समझाने की कोशिश की कि किसान कर्जदार क्यों है। डल्लेवाल ने दावा किया कि देश भर में फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दर पर होने के कारण किसानों को अब तक लगभग 111 लाख करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। किसानों पर कुल कर्ज लगभग 26 से 28 लाख करोड़ रुपये है। ?यदि किसानों को उनकी फसल का उचित एमएसपी मिला होता, तो उनके पास कर्ज के मुकाबले कई गुना अधिक पैसा होता। ?अतः, एमएसपी की कानूनी गारंटी ही एकमात्र समाधान है ताकि कोई भी निजी खरीदार या सरकारी एजेंसी निर्धारित मूल्य से कम पर फसल न खरीद सके। ?यात्रा के दौरान किसान नेताओं ने अपनी मांगों का मांग पत्र भी साझा किया। उनकी प्रमुख मांगों में डॉ. स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करना शामिल है। किसानों की मांग है कि फसलों का भाव सी2+50% (लागत का डेढ़ गुना) फामूर्ले के आधार पर तय किया जाए। ?इसके अतिरिक्त, लैंड

# गांव काबडी के आंबेडकर नगर के तिरंगा चौक पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन



**पानीपत/ टीम एक्शन इंडिया**
गांव काबडी के आंबेडकर नगर के तिरंगा चौक पर एक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संत परशुराम जी महाराज रहे। और मुख्य वक्ता डॉक्टर महेंद्र सिंह रहे जबकि सी ए जगदीश धमीजा ,मास्टर मुकेश बोस,कृष्णपाल ,मुकेश शास्त्री ,बिजेंद्र,पवन सिंह डॉक्टर ज्योति भाटिया, सत्यवान प्रजापत, रमेश आर्य ,ओमदत आर्य ,रमेश आर्य,खुशी प्रजापत ,मुकेश शास्त्री विशेष वक्ता के रूप में मौजूद रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सरपंच सोनू ने की ।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की जय ओर वंदे मातरम के साथ हुआ ओर शांति पाठ के साथ ये कार्यक्रम संपन्न हो गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्र सेवक संघ प्रवक्ता डॉक्टर महेंद्र ने कहा कि विगत 100 वर्षों के दौरान राष्ट्र सेवक संघ ने देश भक्ति ओर राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में अनेक उपलब्धियां हासिल की है यह संगठन एक सदी बाद भी उसी समर्पण भाव से मानवता की सेवा ओर राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रहा है तथा डॉक्टर केशव बलिराम हेडगवार के विचारों की प्रासंगिता अभी भी बरकार है भारत की सामाजिक बुनियाद को मजबूत बनाने ओर उसकी संप्रभुता की रक्षा करके कमजोर वर्गों को मजबूत बनाकर भारतीय सभ्यता और संस्कृति को संजोए रखना ही संघ का मुख्य उद्देश्य है हमे आर एस एस के शताब्दी उत्सव के इस पवित्र अवसर पर देश की एकता और अखंडता को कायम रखन का संकल्प लेना चाहिए ।

संत परशुराम महाराज ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र ही नहीं विश्व का सबसे सफलतम लोकतंत्र भी है और भारत को विश्व का सबसे महान लोकतंत्र भी माना जाता है । उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब भारत के लगभग सभी निकटवर्ती देशों में उपद्रवियों ने तख्तापलट किया है जबकि भारत का लोकतंत्र अब अडिग होकर खड़ा है । ऐसे समय में हमें डॉक्टर केशव बलिराम हेडगवार के बताए मार्ग पर चलते हुए संघ संचालक मोहन भागवत के निर्देशन में राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित भाव से संघ के समावेशी विचारों को घर घर तक पहुंचाने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए उन्होंने कहा कि भारत में प्राचीन काल से ही सभी सामाजिक समस्याओं का समाधान पंचायतों के माध्यम से किया जाता रहा है और लोकतंत्र का आधार भी आपसी सहयोग और अन्त्योदय ही रहा है।

ओमदत आर्य ने कहा कि सभी आर्य शिक्षण संस्थाएं ऋषि दयानंद और स्वामी श्रद्धानंद के बताए मार्ग पर चलते हुए छात्रों को जहाँ उच्च कोटि की शिक्षा देती हैं वहीं उच्च कोटि के वैदिक संस्कार देने के सभी प्रयास कर रही हैं । इस समय विश्व में लगभग 10 हजार से अधिक आर्य संस्थाएं वैदिक प्रचार के साथ-साथ लोकतंत्र को मजबूत बनाने के प्रयास भी कर रही हैं मौजूदा सरकार में सत्य सनातन वैदिक धर्म को पूर्व से कही ज्यादा सम्मान मिला है ।

# नन्हे वैज्ञानिकों ने किया अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (संजय नरवाल)** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पावटी में अगस्त्या इंटरनेशनल फाउंडेशन /नेस्ले जिज्ञासा के द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष में मेगा विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में विद्यालय के नन्हे वैज्ञानिकों ने अपनी प्रतिभा और नवाचार का शानदार प्रदर्शन किया। इस मेले का संचालन अगस्त्य इगनेटर श्रीमती रेखा द्वारा किया गया ।इस मेले का शुभारंभ सीआरसी हेड श्रीमती दुर्गा देवी ने रिबन कटिंग के साथ किया और गांव के सरपंच श्री दीपक कुमार और स्कूल प्रिंसिपल श्री सुबे सिंह ,प्राइमरी हेड श्री हरि ओम भी इसमें शामिल हुए पीजीटी केमेस्ट्री श्रीमती सीमा शर्मा और टीजीटी विज्ञान श्रीमती भानु प्रिया टीजीटी मैथ्स श्रीमती निधि गुप्ता , श्रीमती प्रीति ने बच्चों की काबिलियत को अच्छे से परखा और फर्स्ट सेकंड थर्ड प्राइस के लिए बच्चों को चुना। इसमें पहला प्राइज सूरज दूसरा प्राइस वंश और तीसरा प्राइस रूहानी ने प्राप्त किया । बाकी सभी बच्चों को सर्टिफिकेट्स और मेडल देकर लगातार ऐसे ही आगे बढ़ाने के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी ।

# संपादकीय

## समष्टि चित्त का उल्लास

**मनुष्य** जीवन का अस्तित्व, पोषण और उत्थान पारस्परिक संबंधों के बीच ही संभव है। यह तथ्य सर्वविदित है किंतु आज के सामाजिक जीवन में अकेले व्यक्ति के अपने अहंकार का अभिमान इतना प्रचंड होता जा रहा है कि वह सबकुछ भूल कर उसके विस्तार के लिए किसी भी तरह की हिंसा का सहारा लेने से नहीं चूकता। वह सिसृक्षा के मूल आशय को भी भूल जाता है। यह विश्वात्मा की एक से अनेक होने- एकोहं बहुस्याम- की उद्दाम आकांक्षा ही थी जो सृष्टि में सृजन का व्याज बनी। कहते हैं अन्य को रच कर विश्वात्मा ने उस रचना में स्वयं उपस्थित होकर उसे अनन्य बना दिया। आज भी दूसरों के साथ जुड़ाव जीवन के स्पंदन का आधार बना हुआ है। प्रगाढ़ रिश्तों की उदार विशालता से व्यक्ति, समुदाय और देश सकारात्मक रूप से सक्रिय होते हैं और उसके अभाव में बिखर कर टूट जाते हैं। इस सत्य को भारतीय समाज ने बहुत पहले आत्मसात किया था और संगच्छध्वम- संवधध्वम- संवो मनांसि जानताम- का उद्घोष किया था। इस भाव को अपने जीवन में उतारने के लिए वर्षभर अनेक उत्सवों और पर्वों की संकल्पना की गई जिसमें व्यक्ति अपने सीमित स्व से ऊपर उठकर अपने को सबमें और सबको अपने में देखने की चेष्टा करता है। ऐसा करते हुए मनुष्य न केवल समाज बल्कि प्रकृति के साथ भी एकाकार होने की संभावना को तलाशता रहता है। इसी में आनंद मिलता है जो जीवन का प्रयोजन है। होली का उत्सव इसी लौकिक तलाश का मूर्त रूप है। होली वसंत में मनाई जाती है जब पूरी सृष्टि में एक साथ उल्लास के बीज का विस्फोट दिखता है। प्रसिद्धि है कि नया रमणीय होता है इसलिए सबके मन को भाता है। नए के लिए मन में उत्सुकता और उमंग होती है। अज्ञात और अनागत का आकर्षण वसंत के आगमन में चतुर्दिक दिखता है। उत्साह के साथ होली में एक कि स्म का उन्माद का भाव आता है जब हम अपने को भुला कर आनंद का अनुभव करते हैं। प्रकृति में परिवर्तन का संदेश राग और अनुराग के कोमल भावों को जीवित करता है। वह यही कहता है कि सालभर जिन सफलताओं और विफलताओं का मीठा कड़वा अनुभव करते रहे हैं उन सबसे आगे बढ़कर या परे जाकर जीवन क्रम के नाटक का नया अंक शुरू करें। होली का उत्सव पुराने का आतंक भूल नए चित्र कैनवस पर उकेरने की पुकार लगाता है। भारत में ऋतुराज वसंत इस दृष्टि से अनोखा और समृद्ध होता है कि इसके आगमन के साथ ठंड को किनारे कर प्रकृति अपने सौंदर्य की ऊष्मा का सारा संचित खजाना लुटाने के लिए व्यग्र हो उठती है। वसंत के निजी दूत बने पशु-पक्षी गाकर, तरु, लता, गुल्म, और पादप नव किसलय और पुष्प के साथ सज-धज कर बड़ी मुस्तैदी से इस मस्ती भरी असीम व्यग्रता का डंका बजाते हैं। नवलता वसंत में उमग पड़ती है- नवल कुसुम नव पल्लव साखा, कूजत नवल मधुर पिक कीर। वायुमंडल में भी बदलाव आता है और फागुन की मदमाती बयार हर किसी के चित्त को उन्मथित किए देती है। यह सब कमोबेश एक व्यवस्थित क्रम में कालचक्र की निश्चित गति से आयोजित होता है।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# खामेनेई की मौत और दस देश एक साथ निशाने पर

**ओंकारेश्वर पाण्डेय**

> "इंटरनेशनल के मुताबिक, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ शुरू किए गए सैन्य हमलों से अत्यधिक चिंतित है। हम सैन्य कार्रवाइयों को तत्काल बंद करने का आान करते हैं। लेकिन इससे भी अहम बात ग्लोबल टाइम्स ने छापी है। संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थायी प्रतिनिधि फू कोंग ने सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में कहा यह चौंकाने वाला है कि ये सैन्य हमले उस समय हुए जब अमेरिका और ईरान के बीच राजनयिक वार्ता चल रही थी"

28 फरवरी 2026 की सुबह ने मध्य पूर्व की तस्वीर हमेशा के लिए बदल कर रख दी। अमेरिका और इजराइल ने मिलकर ईरान पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए। और कुछ ही घंटों के भीतर ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पूरे खाड़ी क्षेत्र में फैले अमेरिकी ठिकानों को निशाना बना दिया। अबू धाबी, दुबई, दोहा, मनामा, कुवैत सिटी, रियाद... एक के बाद एक खाड़ी की राजधानियाँ मिसाइल हमलों की चपेट में आ गईं। लेकिन असली धमाका उसके बाद हुआ, जब ईरानी सेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा कर दी। कयास लगाए गये कि हमले ईरान के सर्वोच्च नेता को निशाने पर रखकर किये गये। और आखिरकार 1 मार्च की सुबह ने उस तस्वीर पर आधिकारिक मुहर लगा दी। तेहरान की सड़कों पर सन्नाटा था फिर अचानक एक आवाज गूंजी - इंतकाम! टीवी स्क्रीन पर टीवी की एंकर रो रही थीं। लाइव ऑन एयर। उन्होंने नहीं रोका खुद को। आंसू बह रहे थे, आवाज लड़खड़ा रही थी, लेकिन शब्द साफ थे - ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई अब इस दुनिया में नहीं रहे।

86 साल की उम्र में, 28 फरवरी 2026 की उस सुबह, जब अमेरिका और इजराइल के लड़ाकू विमानों ने तेहरान के उस इलाके को निशाना बनाया, जहां खामेनेई का कंपाउंड था। ईरान के इतिहास में उन्हें 'शहीद' का दर्जा दिया गया है। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने इसकी पुष्टि की।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पोस्ट में लिखा - खामेनेई, इतिहास के सबसे बुरे लोगों में से एक, मर चुका है।

ईरान ने 40 दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा कर दी है। तेहरान की सड़कों पर लाखों लोग उमड़ पड़े हैं। डेथ टू अमेरिका, डेथ टू इजराइल के नारों से आसमान गूंज रहा है। यह सब उस नेता के लिए हो रहा है जिसने 35 साल तक ईरान की कमान संभाली और अमेरिका को महाशैतान कहने में कभी संकोच नहीं किया।

**होर्मुज बंदः दुनिया की जीवनरेखा पर ताला**



खामेनेई की मौत की पुष्टि के साथ ही ईरान ने वो कर दिखाया, जिसकी आशंका ने पूरी दुनिया की नींद उड़ा दी थी। [illegible] ने आधिकारिक तौर पर होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा कर दी है। पीपल्स डेली के मुताबिक, ने हाई-फ्रीक्वेंसी रेडियो के जरिए सभी जहाजों को संदेश भेजा कि किसी भी जहाज को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने का अधिकार नहीं है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति की वो नस है, जहां से हर दिन लगभग 2 करोड़ बैरल कच्चा तेल गुजरता है। यह वैश्विक समुद्री तेल व्यापार का 20 से 30 प्रतिशत है। इसे बंद करने का मतलब है कि सऊदी अरब, इराक, कुवैत, यूएई, कतर जैसे देशों का तेल और एलएनजी निर्यात ठप। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे तेल की कीमतें 120 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती हैं। वैसे ईरान का यह कदम आत्मघाती भी माना जा रहा है, क्योंकि उसका खुद का तेल निर्यात भी इसी रास्ते से होता है। लेकिन यह उसकी 'दोधारी तलवारों वाली' रणनीति है कि अगर मैं डूबूंगा तो दुनिया को भी साथ ले डूबूंगा।

**दस देश एक साथ निशाने पर**

खामेनेई की मौत के बाद ईरान चुप बैठेगा, ऐसा नहीं लगता। 'ऑपरेशन सच्चा वादा-4' शुरू किया है, इसके तहत शनिवार देर रात तक दस देशों में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें और ड्रोन बरसाए गए। बहरीन जो अमेरिकी नेवी के पांचवें बेड़े का मुख्यालय है,वह सीधे निशाने पर है। इसके अलावा कतर के अल-उदैद एयरबेस (सबसे बड़ा अमेरिकी बेस),कुवैत के अल-सलेम एयरबेस पर मिसाइल दागी गई

यूएई में दुबई में एक लग्जरी होटल में आग लग गई है। जॉर्डन, सऊदी अरब, इराक, इजराइल भी हमले की चपेट में हैं।

अमेरिका ने दावा किया कि उसके किसी सैनिक की मौत नहीं हुई और नुकसान मामूली है लेकिन ईरानी मीडिया के मुताबिक, होर्मुजगान प्रांत में एक गर्ल्स स्कूल पर अमेरिकी-इजराइली हमले में 115 बच्चियां मारी गईं। कुल मिलाकर 201 लोगों की मौत की पुष्टि ईरानी रेड क्रेसेंट ने की है।

**चीन की प्रतिक्रियाः बातचीत के दौरान हमला चौंकाने वाला**

चीन ने इस मामले में बेहद सावधानी से अपना रुख साफ किया है। इंटरनेशनल के मुताबिक, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ शुरू किए गए सैन्य हमलों से अत्यधिक चिंतित है। हम सैन्य कार्रवाइयों को तत्काल बंद करने का आान करते हैं।

लेकिन इससे भी अहम बात ग्लोबल टाइम्स ने छापी है। संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थायी प्रतिनिधि फू कोंग ने सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में कहा यह चौंकाने वाला है कि ये सैन्य हमले उस समय हुए जब अमेरिका और ईरान के बीच राजनयिक वार्ता चल रही थी। उन्होंने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों के खिलाफ बताया और कहा कि नागरिकों की सुरक्षा की लाल रेखा को कभी पार नहीं किया जाना चाहिए। बल का अंधाधुंध इस्तेमाल अस्वीकार्य है।

**रूस का रुखः कूटनीति का विश्वासघात**

रूस ने सबसे सख्त रुख अपनाया है। रूसी न्यूज एजेंसी के मुताबिक, संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थायी प्रतिनिधि वसीली नेबेंजा ने कहा है कि ईरान के खिलाफ यह आक्रमण पहले ही क्षेत्रीय संघर्ष में बदल चुका है और इसके मध्य पूर्व की सीमाओं से कहीं आगे तक फैलने की संभावना है। उन्होंने इसे कूटनीति का असली विश्वासघात बताया और कहा कि जब वार्ता पूरे जोरों पर थी, तब इन देशों ने ईरान के खिलाफ फिर से सैन्य बल का इस्तेमाल किया। रूसी विदेश मंत्रालय के आधिकारिक बयान के मुताबिक, रूस ने इस हमले को जानबूझकर, पूर्व-नियोजित और बिना उकसावे की सशस्त्र आक्रामकता बताया है। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि हम तत्काल राजनीतिक और राजनयिक रास्ते पर लौटने का आान करते हैं। रूस शांतिपूर्ण समाधान में मदद के लिए तैयार है।

**अमेरिका में कमला हैरिस विरोध में**

अमेरिका के भीतर भी इस युद्ध का विरोध शुरू हो गया है। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने 28 फरवरी को एक सख्त बयान जारी किया। जिसमें कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका को उस युद्ध में घसीट रहे हैं, जो अमेरिकी जनता नहीं चाहती। मैं साफ कर दूं - मैं ईरान में रिजीम चेंज वार का विरोध करती हूं। हमारे सैनिक ट्रंप की पसंद के युद्ध के लिए खतरे में डाले जा रहे हैं। उन्होंने ट्रंप पर चुनावी वादा तोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान ट्रंप ने युद्ध शुरू करने के बजाय खत्म करने का वादा किया था। यह झूठ था।

**ट्रंप का रुखः अभी इम्युनिटी, बाद में डेथ**

ट्रंप ने खामेनेई की मौत के बाद ईरानी सेना और पुलिस से अपील की है। उनके ट्रुथ सोशल पोस्ट में लिखा था - खामेनेई, इतिहास के सबसे बुरे लोगों में से एक, मर चुका है। यह सिर्फ ईरान के लोगों के लिए न्याय नहीं, बल्कि उन सभी महान अमेरिकियों और दुनिया भर के उन लोगों के लिए न्याय है।

# होली भारतीय संस्कृति के आंतरिक सौंदर्य का प्रतिक

**नरेंद्र तिवारी**

**भारतीय** संस्कृति अपनी उत्सव धर्मिता के फलस्वरूप दुनियाँ को अपनी और आकर्षित करती है। उत्सव धर्मिता का सौंदर्य ही इसे खास बनाता है। इन्ही उत्सव एवं तीज त्योहारों की निरंतर चलती प्रक्रिया मे होली भी शामिल है। यह पर्व यूँ तो होलिका दहन से रंग पंचमी तक मनाया जाता है, किंतु फाल्गुन माह मे इसे फाग उत्सव के रूप मे सम्पूर्ण माह बनाने की परम्परा भी लम्बे समय से प्रचलित है। होली अधर्म पर धर्म की विजय और समानता का संदेश देती है, रंगों का यह महापर्व मन के मेल को धो देने का महत्वपूर्ण अवसर है।

होली के अनेकों रंग है, यह भारतीय उत्सव परम्परा का एक प्रमुख पर्व है। हर उत्सव के अपने संदेश होते है, होली उत्सव का भी अपना संदेश है। एक और होलिका दहन भक्त प्रहलाद की धार्मिक आस्थाओं की विजय का उद्घोष है। अपने पिता हिरण्य कश्यप की धर्म विरोधी मानसिकता का सबसे प्रबल विरोधी यदि कोई था तो वह उसका स्वयं का पुत्र भक्त प्रहलाद जो धर्म, दया, सदमार्ग का प्रतिक था। जब अपने पुत्र की धार्मिक आस्थाओं से तंग हिरण्य कश्यप भक्त प्रहलाद को धर्म का रास्ता छोड़, ईश्वर विरोधी बनाने के प्रयास मे विफल हो जाता है तब वह अपनी बहन होलिका जिसे आग मे सुरक्षित रहने का वरदान प्राप्त था। भक्त प्रहलाद को खत्म करने की योजना को मूर्त रूप देते है। होलिका अग्नि के मध्य भक्त प्रहलाद को गोदी मे लेकर उसे अग्नि के माध्यम से खत्म करने का प्रयास करती है, किंतु अपनी धार्मिक आस्थाओं पर प्रगाढ़ विश्वास के चलते ईश्वर द्वारा भक्त प्रहलाद को भीषण आग मे भी सुरक्षित रखा जाता है, इसके विपरीत होलिका इस आग मे जलकर भस्म हो जाती है। संदेश धार्मिक आस्थाओं के माध्यम से सत्य के मार्ग पर चलने का है। असत्य और अधर्म पर सत्य और धर्म की विजय का यह उत्सव भारतीय दर्शन का सौंदर्य पर्व है। होलिका दहन के बाद पांच दिन तक याने रंग पंचमी तक सम्पूर्ण देश रंग गुलाल की मस्ती मे रंग जाता है। यह पर्व हमारी अनेकता मे एकता के दर्शन का वाहक है। जब वातावरण रंग गुलाल और पानी की बौछार से आच्छादित होता है। तब जाति, धर्म, अमीर गरीब के सब भेद धाराशाही हो जाते है। उत्सव के माध्यम से समाज मे सामाजिक समरसता का जो दर्शन होली पर्व मे है। वह दुनियाँ के अन्य उत्सव त्योहारों नजर नही आता है। होली का सीधा संबंध प्रकृति से है। फाल्गुन माह माघ की ठण्ड के बाद फरवरी और मार्च के दौरान आता है। होली भी इसी माह मनाई जाती है। इस दौरान वातावरण आनंदित और उल्लासित होता है। गर्मी का आरम्भ जहाँ पतझड़ का संदेश लेकर आता है, तब पलास के फूल अपनी सम्पूर्ण सौंदर्यता के साथ खिल उठते है।

# विचार

## होली का पर्वः श्रद्धा, स्नेह और उल्लास का त्योहार, न कि हुड़दंगबाजी

**दलबीर मलिक, कुरुक्षेत्र।**

भारत देश में सभी त्योहार पूरे उल्लास ,उत्साह और श्रद्धा से मनाए जाते हैं। होली भारतीय संस्कृति का एक अत्यंत प्राचीन और महत्वपूर्ण पर्व है। यह केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि मानवीय भावनाओं, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह त्योहार प्रकृति के नवजीवन, फसलों की कटाई की खुशी और मनुष्य के अंतर्मन में बसने वाले प्रेम और उत्साह का उत्सव है। होली हमें सिखाती है कि जीवन में रंग तभी हैं, जब उसमें श्रद्धा, स्नेह और मयार्दा हो। होली पर्व का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व यह है कि होली का आरंभ होलिका दहन से होता है। यह प्रसंग भक्त प्राद की अटूट भक्ति और सत्य की विजय का प्रतीक है। होलिका दहन हमें यह संदेश देता है कि अहंकार, अत्याचार और अधर्म का अंत निश्चित है, जबकि श्रद्धा, विश्वास और धर्म की हमेशा जीत होती है। यह केवल एक धार्मिक कथा नहीं, बल्कि जीवन का गहरा संदेश है—कि विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। रंगों वाली होली आपसी प्रेम, भाईचारे और मनमुटाव को मिटाने का प्रतीक है। इस दिन लोग अपने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को रंग लगाते हैं और संबंधों में नई ताजगी भरते हैं। यह पर्व हमें क्षमा, अपनत्व और मेल-मिलाप का महत्व सिखाता है।

सामाजिक एकता और प्रेम का संदेश

होली सामाजिक समरसता का पर्व है। यह जाति, वर्ग, धर्म और ऊँच-नीच के भेदभाव को मिटाकर सभी को एक रंग में रंग देता है। जब लोग एक-दूसरे को रंग लगाते हैं, तो मानो वे यह स्वीकार करते हैं कि हम सब एक हैं। यह त्योहार समाज में सौहार्द और सद्भाव को मजबूत करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में होली लोकगीतों, फाग, नृत्य और सामूहिक उत्सव के रूप में मनाई जाती है। शहरों में भी लोग परिवार और मित्रों के साथ मिलकर इसे उल्लासपूर्वक मनाते हैं। इस प्रकार होली सामाजिक जुड़ाव और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने का माध्यम है। दुर्भाग्यवश, आधुनिक समय में कुछ स्थानों पर होली का स्वरूप विकृत होता जा रहा है। कुछ लोग इसे हुड़दंग, नशाखोरी, जबरदस्ती रंग लगाने, पानी की बर्बादी या अशोभनीय व्यवहार का अवसर बना लेते हैं। इससे न केवल त्योहार की गरिमा घटती है, बल्कि कई बार विवाद और दुर्घटनाएँ भी हो जाती हैं। विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के साथ असम्मानजनक व्यवहार करना अत्यंत निंदनीय है।

होली का अर्थ किसी पर अपनी इच्छा थोपना नहीं है। बुरा न मानो होली है कहकर किसी को असुविधा पहुँचाना इस पावन पर्व की भावना के विरुद्ध है। हमें होली को उसकी मूल भावना के साथ मनाना चाहिए। इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक है—प्राकृतिक और सुरक्षित रंगों का प्रयोग करें। किसी की सहमति के बिना रंग न लगाएँ। पानी की अनावश्यक बबार्दी न करें।नशे और अनुचित व्यवहार से दूर रहें। पर्यावरण और पशु-पक्षियों का भी ध्यान रखें। जब हम इन बातों का पालन करते हैं, तभी होली सच में आनंददायक और सुरक्षित बनती है।

पुलिस प्रशासन होली के दौरान हुल्लड़बाजी / अव्यवस्था / जबरन रंग लगाने / झगड़े से है, तो प्रशासन आमतौर पर शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ये प्रमुख इंतजाम करता हैः अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, प्रमुख चौराहों, बाजारों और धार्मिक स्थलों पर गश्त, धारा 144 या निषेधाज्ञा, जरूरत पड़ने पर धारा 144 लागू कर भीड़ इकट्ठा होने पर रोक,हथियार, लाठी-डंडे या खतरनाक वस्तुओं के साथ घूमने पर प्रतिबंध इत्यादि। उउळश कैमरों और ड्रोन से निगरानी सोशल मीडिया मॉनिटरिंग ताकि अफवाहें न फैलें शराब और नशे पर नियंत्रण,अवैध शराब की बिक्री पर छापेमारी, लाइसेंसधारी दुकानों के समय में बदलाव या सख्ती, स्थानीय नेताओं, समाजसेवियों और धार्मिक प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आपसी सद्भाव बनाए रखने की अपील की जाती है।हेल्पलाइन और त्वरित कार्रवाई, कंट्रोल रूम और हेल्पलाइन नंबर सक्रिय रहते हैं ताकि त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जा सके। हम तुम्हें सभी पहलुओं पर मंथन करने पर यही निष्कर्ष निकलता है कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि मन के रंगों को प्रकट करने का अवसर है। यह हमें सिखाती है कि जीवन में प्रेम, क्षमा और सद्भाव ही सबसे बड़े रंग हैं। यदि हम इसे श्रद्धा, स्नेह और मयार्दा के साथ मनाएँ, तो यह समाज में सकारात्मक ऊर्जा और भाईचारे को बढ़ाने वाला पर्व बन सकता है। अतः हमें संकल्प लेना चाहिए कि होली को हुड़दंगबाजी का नहीं, बल्कि प्रेम और उल्लास का पर्व बनाएँ। जब हर चेहरा सम्मान और खुशी से खिलेगा, तभी होली का सच्चा अर्थ पूर्ण होगा।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)

'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# व्यंग्य

## डिजिटल युग में मैनुअल गालियों की ऐसेसरीज

**सुरेश सौरभ**

**आज** हर ओर, हर चीज का डिजिटलीकरण बड़ी तेजी से होता जा रहा है, लेकिन हमारी क्षेत्रीय और प्रादेशिक देसी मैनुअल गालियों का डिजिटलीकरण अभी तक नहीं हुआ है ,यह घोर चिंता और विमर्श का विषय है। हां कुछ हद तक कुछ गालियों का चित्रात्मक प्रचलन सोशल मीडिया में कब का शुरू हो चुका है, पर पारंपरिक और क्षेत्रीय देसी गालियां अभी भी मैनुअल रूप से वायरल होकर अपना प्रभुत्व कायम किए हुए हैं ,जो अक्सर सोशल मीडिया के किसी न किसी कोने-अंतरे में उछलती-फुदकती नजर आती रहती हैं। उस दिन मेरा बेटा मोबाइल देखने में मस्त था, तभी उसके मोबाइल की आवाज मेरे कानों में पड़ी तो एकदम से मेरे दोनों कान खड़े हो गए। मैंने रोब में कहा यह सब क्या देखते रहते हो आंय, ?' बेटा बोला-'पापा कुछ नहीं बस होली के वीडियो देख रहा था। क्षुब्ध होकर मैंने कहा- ऐसे वीडियो देख रहे हो..इतनी गालियां..उफ! पापा अब मैं क्या करूं आप तो जानते होंगे कि होली की गालियां और होली की लाठियां किस शहर की बहुत मशहूर हैं। मैंने उससे फोन खींचते हुए कहा, अब तू मेरे सामान्य ज्ञान की परीक्षा ले रहा है या अपने किए पर पानी फेर रहा है। लड़का भुनभुनता हुआ चलता बना। मैंने चश्मा लगाया, अब पुनः मोबाइल ऑन किया। हाय! तौबा-तौबा अरे! यह किस क्षेत्र की होली है, अरे! पता ही नहीं चल पा रहा है कि रंग बरस रहा है या फिर घनघोर गालियां बत्तमीजियां बरस रहीं हैं...ऊपर से गोबर कीचड़ पेंट,...उफ! ऐसा लग रहा है, रंगों से ज्यादा इन्हें गलियों और छेड़खानियों से खासा मोह है और सरकार ने इसे प्रसारित करने का, इन्हें सरकारी परमिट दे दिया हो।

चुपचाप फोन बंद कर उसे मैंने अपनी जेब में रख लिया और अब अपनी दोनों आंखें बंद करके सोफे पर बड़े आराम से असर-पसर गया फिर अपना गूढ़ चिंतन-मनन शुरू किया।

, कुछ देर बाद एक क्रांतिकारी विचार

## सत्ता की खट्टी चाशनी

**पवन वर्मा**

भारतीय धर्मग्रंथों विशेषकर वेदों और श्रीमद्भगवद गीता में कहा गया है कि जब-जब इस धरती पर अधर्म एवं पाप की वृद्धि होती है, तब-तब धर्म की स्थापना तथा दुष्टों एवं दुष्कृत्यों के विनाश के लिए भगवान स्वयं या उनका कोई प्रतिनिधि इस धराधाम पर अवतरित होता है। गीता में तो यह बात भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं अपने मुख से कही है पर वेदों में भी इस अवधारणा का वर्णन है। यजुर्वेद में कहा गया है कि परमात्मा अजन्मा है पर वह अनेक प्रकार से उत्पन्न होता है। ऋग्वेद में परमात्मा को प्राणियों का हित चिंतक कहते हुए कहा गया है कि ईश्वर बार-बार अनेक रूप धारण करता है। भारतीय पुराण, ईश्वर के इन्हीं अवतारों की कथाओं से भरी पड़ी हैं। इन कथाओं के अनुसार ईश्वर ने न केवल मानव के रूप में (राम, कृष्ण, परशुराम, वामन आदि के) अवतार लिए हैं, अपितु वे अन्य प्राणियों के रूप में (कच्छप, मत्स्य, वाराह आदि)के रूप में भी अवतरित हुए हैं तथा उन्होंने दुष्टों, दानवों, राक्षसों आदि से मानवता, धर्म एवं पृथ्वी की रक्षा की है, पर एक अवतार ऐसा भी हुआ है जो मानव और पशु का संयुक्त रूप है। यह अवतार नरसिंहावतार के नाम से प्रसिद्ध है और इस अवतार की कथा होली के त्यौहार से जुड़ी हुई है। यदि धर्मग्रंथों में वर्णित आख्यानों का गहराई और बारीकी से अध्ययन किया जाए तो नरसिंह अवतार की एक विशेषता यह थी कि यह अवतार बुद्धि एवं बल का सम्मिलित एवं संयुक्त स्वरूप था। श्रीमद्द्भागवत में भगवान विष्णु के विविध अवतारों के साथ नरसिंह अवतार की भी कथा है। इसी कथा के अनुसार हिरण्य कश्यप ने घोर तपस्या करके भगवान विष्णु से ही यह वरदान ले लिया था कि वह न दिन में मरे न रात में, न पृथ्वी पर मरे न जल में, न देवों से मारा जाए न मनुष्यों से। इस वरदान की प्राप्ति के बाद वह अपने आपको अजर-अमर मानने लगा। मृत्यु के भय से मिली मुक्ति ने उसे घोर अहंकारी बना दिया, फलस्वरूप उसने भगवान की सत्ता एवं अस्तित्व को ही चुनौती देना शुरू कर दी। इस अहंकार ने उसे अत्याचारों की ओर उन्मुख किया। पर हिरण्य कश्यप

## न्यूज फ्लैश

### डंपर ने थार समेत तीन गाड़ियां ठोकी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** जिले में स्टेट हाईवे पर एक तेज रफ्तार डंपर ने सडक पर खड़ी तीन गाडि ?ों को टक्कर मार दी। हाईवे पर ओवरहाइट तुड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली के कारण वाहन रुके हुए थे। इसी दौरान पीछे से आए डंपर ने कार, थार और लोडिंग फोरव्हीलर को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि हादसे में किसी को चोट नहीं आई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खेत से एक ट्रैक्टर.ट्राली ओवरलोड और ओवरहाइट तुड़ी लेकर हाईवे पर चढ़ रही थी। ट्राली के साथ अन्य ट्रैक्टर भी टोचन किए हुए थे, जिससे सडक पर चल रहे वाहन रुक गए। इसी बीच पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे डंपर चालक ने नियंत्रण खो दिया और खड़ी गाड़ि ?ों में जा टकराया।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक कार, एक थार और एक लोडिंग फोर व्हीलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। कार का अगला और पिछला हिस्सा टूट गया, जबकि लोडिंग फोर व्हीलर डिवाइडर पर चढ़ गया। थार को भी भारी नुकसान पहुंचा। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और स्थिति देखने लगे।

घटना के तुरंत बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। लोगों का कहना है कि अगर ट्राली ओवरलोड और ओवरहाइट न होती तो वाहन सडक पर नहीं रुकते और यह हादसा टल सकता था। दुर्घटना के बाद हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु करवाया। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर चंद्रभान ने बताया कि हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### रेवाड़ी में आज सरस्वती विद्या निकेतन परशुराम बस्ती सहित आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर हिंदू सम्मेलन आयोजित

**रेवाड़ी/टीम एक्शन इंडिया**

हरियाणा के रेवाड़ी जिले मे शनिवार और रविवार को एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भव्य हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेवाड़ी की परशुराम बस्ती सरस्वती स्कूल में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसका नेतृत्व जयमाला कौशिक ने किया। आपको बता दें कि शनिवार को दो (अंबेडकर बस्ती का गोमती स्कूल में वक्ता श्रीमान प्रदीप जिला प्रचारक, सविता जी, संत गिरी जी महाराज एवं भगत सिंह बस्ती का हरीनगर में वक्ता श्रीमान राधा कृष्ण, प्रीति जी) एवं छः भव्य हिन्दू (श्री कृष्ण बस्ती का सामुदायिक भवन गोकलगढ़ में वक्ता बलराज, संगीता शर्मा संत श्री धीरज गिरी, राजगुरु बस्ती का प्रकाश वाटिका विजयनगर में वक्ता दुष्यंत कुमार, दामिनी संत बहन कमलेश ब्रह्माकुमारी, गुरु गोविंद सिंह बस्ती का बीएमजी सिटी में वक्ता प्रशांत, नरेंद्र संत डॉ सत्यपाल, परशुराम बस्ती का सरस्वती स्कूल भाड़ावास रोड में वक्ता अजय मित्तल एवं सावित्री संत बिजेंद्र पूरी, विश्वकर्मा बस्ती का मखनलाल की धर्मशाला में वक्ता जोगिंदर एवं श्रुति शर्मा संत श्री महावीर दास, अग्रसेन बस्ती का अग्रसेन स्कूल में वक्ता संजय राणा एवं पूनम पूनिया संत श्री कृष्णानंद जी) विभिन्न स्थानों पर भव्य सम्मलेन उन बस्तियों की आयोजन समिति के तत्वावधान में भव्य हिंदू सम्मेलनो का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल हुए। इन सम्मेलनो का मुख्य उद्देश्य हिंदू एकता को मजबूत करना और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की 100 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा पर चर्चा करना था। इन कार्यक्रम में आरएसएस की स्थापना से लेकर अब तक की उपलब्धियों और समाज में लाए गए पांच प्रमुख परिवर्तनों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया

सम्मेलनो की शुरूआत मां भारती की वंदना एवं दीप प्रज्लावन से हुई। हिंदू समाज को अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए आधुनिक चुनौतियों का सामना करना चाहिए। उन्होंने आरएसएस को राष्ट्र निर्माण का मजबूत स्तंभ बताते हुए कहा,"आरएसएस ने पिछले 100 वर्षों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सेवा के माध्यम से लाखों युवाओं को प्रेरित किया है। आज का सम्मेलन इसी यात्रा का एक हिस्सा है, जो हिंदू समाज को एकजुट करने का संदेश देता है।"

# होली के रंग में सराबोर दिखाई दिए राजनेता व पत्रकार

## हरियाणा पत्रकार संघ का होली मिलन महोत्सव : हरियाणा पत्रकार संघ के होली महोत्सव में दिया एकजुटता व समरसता का संदेश : के.बी. पंडित

**होली मिलन**

**दि डिवाइन बैंकेट के सभागार में हुआ होली मिलन समारोह सहृदयता व अपनेपन का साक्षी रहा।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा पत्रकार संघ द्वारा करनाल में आयोजित होली मिलन महोत्सव में राजनेता, पत्रकार व समाजसेवी होली के रंगों से सराबोर दिखाई दिए। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर और सभी गिले-शिकवे भूलकर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों से जुड़े राजनेताओं ने एक-दूसरे से गले मिलकर होली की शुभकामनाएं, बधाई देते हुए एक-दूजे को रंग-गुलाल लगाया। ढोल की थाप पर पत्रकार, राजनेता व समाजसेवी इतना झूमकर नाचे कि समय सीमा का अंदाजा न रहा। महिला पत्रकारों की भागेदारी ने होली मिलन समारोह में नए रंग बिखेरे।

दरअसल करनाल में मेरठ रोड स्थित दि डिवाइन बैंकेट के सभागार में हुआ होली मिलन समारोह सहृदयता व अपनेपन का साक्षी रहा। यहां हरियाणा पत्रकार संघ द्वारा आयोजित होली मिलन महोत्सव में पूर्व स्पीकर, स्पीकर प्रतिनिधि, विधायक, पूर्व विधायक, विभिन्न पार्टियों के पदाधिकारी एक ही मंच पर भाइचारे की मिसाल कायम कर गए। इस अवसर पर हरियाणा पत्रकार संघ के अध्यक्ष के.बी.पंडित ने कहा कि बेशक राजनीतिक मंचों पर नेता अलग-अलग दिखाई दें, लेकिन हरियाणा पत्रकार संघ का होली मिलन महोत्सव सामाजिक एकता का पर्याय है। होली महोत्सव दिलों के मिलन का उत्सव है, इसलिए अलग-अलग विचारधारा होने के बावजूद इसमें सभी दलों ने पाटीर्बाजी भूलकर प्रेम के रंग बिखेरे हैं। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजकुमार प्रिंस, पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप साहिल, करनाल ब्रेकिंग न्यूज के संचालक कमल मिड्ढा, अभी-अभी के संपादक देवेंद्र गांधी, वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण अरोड़ा, दैनिक जागरण के ब्यूरो चीफ सोमदत्त शर्मा, अमर उजाला के ब्यूरो चीफ गगन तलवार, दैनिक भास्कर के ब्यूरो चीफ अनिल भारद्वाज, रमेश पाल का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार आकर्षण उप्पल, शैलेंद्र जैन, डा.के.के. संधू, अश्विनी शर्मा, इंद्रजीत वर्मा, सुभाष गुरेजा, बिशपाल राणा, शिव कुमार शर्मा, हरीश चावला, सतीश जोशी, प्रदीप मेहता, महिन्द्र पाल, विजय कांबोज, सुरेश अनेजा, हरिकृष्ण आर्य, दिलबाग लाठर, नरेंद्र लाठर, सलिंद्र मोक्कल, योगेश वर्मा, कमलदीप, रचना तलवार, प्रीति तलवार, इशिका ठाकुर, नरेंद्र पंडित, राकेश राणा, अमन ग्रोवर, आरती राणा, पवन वर्मा फोटोग्राफर, भगवान दास फोटोग्राफर, धर्म सिंह, संदीप रोहिला, मीनाक्षी ठाकुर, परमजीत कौर, सुनील, दीपाली धीमान, सागर मेहला, अजय, नवीन पांचाल सहित कई पत्रकार व सोशल मीडिया इन्फलूंसर भी मौजूद रहे।

होली महोत्सव में पहले फूलों से होली खेली गई और फिर पूरे सभागार में रंग बिखरा। हरियाणवी गायक ईश्वर शर्मा व उनकी टीम ने होली के गीत गाकर राधा-कृष्ण के प्रेम की बानगी पेश की, जिसे खूब सराहना मिली। इस मौके पर पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, स्पीकर हरविंद्र कल्याण के प्रतिनिधि संजय खैंची, पूर्व उद्योग मंत्री शशिपाल मेहता, जेजेपी के प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा, करनाल विधायक जगमोहन आनंद, नीलोखेड़ी विधायक भगवान दास कबीरपंथी, असंध विधायक योगेंद्र राणा, करनाल मेयर रेनू बाला गुप्ता, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता, पूर्व मंत्री भीमसेन मेहता, पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी, पूर्व विधायक सुमिता सिंह, जगदीप सिंह विर्क, पूर्व विधायक राकेश कांबोज, पूर्व विधायक धर्मपाल गोंदर, पूर्व विधायक नरेंद्र सांगवान, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कृष्ण लाल तनेजा, भाजपा अर्बन मंडल अध्यक्ष गौरव खुराना, राजेश अघ्घी, जयपाल शर्मा, सीएम के पूर्व ओएसडी अमरेंद्र सिंह, कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड चेयरमैन संजय बठला, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कविंद्र राणा, भाजपा नेता त्रिलोचन सिंह, अशोक खुराना, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुरेश गुप्ता मतलौडा, कांग्रेस नेता सुरेंद्र नरवाल, कांग्रेस नेता ललित बुटाना, कांग्रेस नेता मनोज वधवा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज गाबा, कांग्रेस नेता नाहर सिंह संधू, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. बलबीर सिंह विर्क, पूर्व डिप्टी मेयर कृष्ण गर्ग, मराठा वीरेंद्र वर्मा, नीलोखेडी मार्केट कमेटी के चेयरमैन शिवनाथ कपूर, मदन मोहन चौधरी, हरिराम साबा, गुरविंद्र सिंह धमीजा, कांग्रेस नेत्री गुरविंद्र कौर, पार्षद संजीव मेहता, पूर्व पार्षद मुकेश अरोड़ा, समाजसेवी देवेंद्र राणा सहित कई नेता व समाजसेवी उपस्थित रहे।

### हरियाणा के मुख्यमंत्री सोमवार को पेश करेंगे दूसरा बजट

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर वित्त मंत्री सोमवार को प्रदेश का बजट पेश करेंगे। पिछले वर्षों में बजट का आकार क्रमशः 1.89 लाख करोड़ (2024) और 2.01 लाख करोड़ (2025) रहा था। इस बार यह बजट 2,15,000 करोड़ के करीब पहुंचने की उम्मीद है। नायब सैनी सरकार ने पहले बजट में जहां लाडो लक्ष्मी योजना का ऐलान किया था वहीं दूसरे बजट में सरकार बुनियादी ढांचा विकास पर फोकस कर सकती है। रविवार को अवकाश के बावजूद वित्त विभाग, प्रींटिंग एंड स्टेशनरी विभाग तथा लोकसंपर्क विभाग समेत कर्मचारी व अधिकारी अपने दफ्तरों में मौजूद रहे

## इटली से 25 दिन बाद यमुनानगर पहुंचा युवक का शव

**पार्थिव शरीर**

**पिछले कई दिनों से शव के इंतजार में परिवार और ग्रामीण गहरे सदमे में थे।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर**

यमुनानगर से विदेश में रोजगार के लिए गए युवक की मृत्यु के बाद उसका पार्थिव शरीर रविवार को भारत पहुंचा। लंबे इंतजार के बाद जब शव गांव रामखेड़ी पहुंचा तो परिजनों सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शाम को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिजनों के अनुसार युवक की मृत्यु 4 फरवरी को वेरोना में हुई थी, जो इटली में स्थित है। रविवार सुबह पार्थिव शरीर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचा, जहां से परिजन उसे एंबुलेंस के माध्यम से यमुनानगर लेकर आए।

शाम करीब पांच बजे शव के गांव पहुंचते ही माहौल भावुक हो उठा। घर पर अंतिम दर्शन के दौरान परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा और ग्रामीणों ने भी नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। रविवार शाम श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया।

पिछले कई दिनों से शव के इंतजार में परिवार और ग्रामीण गहरे सदमे में थे। परिजनों ने बताया कि शव को भारत लाने में कानूनी औपचारिकताओं के कारण काफी समय लगा।

मृतक का पासपोर्ट स्थानीय पुलिस कार्यालय में जमा होने से अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत पहले उसे आधिकारिक रूप से निरस्त करना आवश्यक था। यह प्रक्रिया भारतीय दूतावास के सहयोग से पूरी हुई। हालांकि परिवार को आर्थिक सहायता नहीं मिली और करीब सात लाख रुपये का खर्च स्वयं कर्ज लेकर उठाना पड़ा। युवक वर्ष 2023 में एजेंट के माध्यम से विदेश गया था।

### रेडक्रॉस अब ड्राइविंग टेस्ट सेंटर संचालित करेगी

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**

हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी जनसेवा के साथ अब सड़क सुरक्षा और ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली का भी जिम्मा संभालेगी। परिवहन विभाग की ओर से जिला स्तर पर स्थापित किए जाने वाले जिला ट्रेनिंग सेंटर (ड्राइविंग टेस्ट ग्राउंड) को जिला रेडक्रॉस सोसायटी के जरिये संचालित किया जाएगा। जल्द ही परिवहन विभाग और रेडक्रॉस के बीच एमओयू (समझौता ज्ञापन) होगा। हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी लर्निंग लाइसेंस बनने से पहले होने वाले एमसीक्यू टेस्ट (यातायात नियमों से जुड़ा टेस्ट) का संचालन करेगी। इसको लेकर परिवहन विभाग की ओर से रेडक्रास को जिला सेंटरों के संचालन की मंजूरी दे दी गई है। इन सेंटरों का संचालन जिला उपायुक्त के माध्यम से रेडक्रॉस करेगी। हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने जिला ट्रेनिंग सेंटर का संचालन रेडक्रॉस के जरिये करने का प्रस्ताव परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को भेजा था। विभाग की ओर से रेडक्रॉस वाइस चेयरमैन के प्रस्ताव पर निर्णय लिया है कि जिला ट्रेनिंग सेंटर (ड्राइविंग टेस्ट ग्राउंड) का संचालन के लिए हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी और परिवहन विभाग के बीच एमओयू होगा।

## रियाणा के मुख्यमंत्री सोमवार को पेश करेंगे दूसरा बजट

**बजट**

**नायब सैनी सरकार ने पहले बजट में जहां लाडो लक्ष्मी योजना का ऐलान किया था**



**चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर वित्त मंत्री सोमवार को प्रदेश का बजट पेश करेंगे। पिछले वर्षों में बजट का आकार क्रमशः 1.89 लाख करोड़ (2024) और 2.01 लाख करोड़ (2025) रहा था। इस बार यह बजट 2,15,000 करोड़ के करीब पहुंचने की उम्मीद है। नायब सैनी सरकार ने पहले बजट में जहां लाडो लक्ष्मी योजना का ऐलान किया था वहीं दूसरे बजट में सरकार बुनियादी ढांचा विकास पर फोकस कर सकती है। रविवार को अवकाश के बावजूद वित्त विभाग, प्रींटिंग एंड स्टेशनरी विभाग तथा लोकसंपर्क विभाग समेत अन्य कई विभागों के कर्मचारी व अधिकारी अपने दफ्तरों में मौजूद रहे और बजट संबंधी तैयारियों को अंतिम रूप दिया। नायब सैनी का यह दूसरा बजट होगा। इस बजट में सरकार औद्योगिक विकास, बुनियादी ढांचा मजबूती, शहरों में नए सेक्टरों की मंजूरी, एआई को बढ़ावा देने के लिए शोध आदि विषयों पर फोकस कर सकती है। प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को नौ हजार रुपये मासिक भत्ते का ऐलान किए जाने की भी उम्मीद है। वित्त विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुनियादी ढांचा विकास के बजट में करीब 25 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है। परिवहन एवं ऊर्जा मंत्री पहले ही अपनी मांगों को सार्वजनिक कर चुके हैं। यह दोनों मामले आम जनता से जुड़े हुए हैं। सरकार का फोकस पुरानी बसों को बदलकर नई बसें सडकों पर उतारने तथा बिजली आपूर्ति ढांचे को मजबूत करने पर है। ऐसे में इन विभागों को भी बजट में कई तरह की सौगात मिलने की संभावना है।

## रेवली गांव की धर्मशाला में निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर, 154 ग्रामीणों ने उठाया लाभ




**सोनीपत /टीम एक्शन इंडिया**

रेवली गांव की धर्मशाला में मां भारती जनसेवा चैरिटेबल ट्रस्ट सोनीपत के सहयोग से गेल गैस प्राइवेट लिमिटेड व महावीर इंटरनेशनल दिल्ली द्वारा निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया।

शिविर में कुल 154 ग्रामीणों ने नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच करवाई। जांच के उपरांत 60 जरूरतमंदों को निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। चार ग्रामीणों में मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई, जिनका ऑपरेशन शीघ्र ही निशुल्क राजधानी चैरिटेबल आई हॉस्पिटल में कराया जाएगा।

शिविर की व्यवस्थाओं को आनंद डागर जी ने बेहतरीन ढंग से संभाला। उन्होंने प्रचार-प्रसार कर ग्रामीणों तक शिविर की जानकारी पहुंचाई, जिससे अधिक से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। आनंद डागर लंबे समय से मां भारती ग्रुप से जुड़े हुए हैं तथा नियमित रूप से रक्तदान जैसे सेवा कार्यों में सक्रिय रहते हैं। रेवली गांव के जोगिंदर जी का भी शिविर में सराहनीय सहयोग रहा।शिविर का नेतृत्व कारगिल योद्धा धर्मवीर बजवान ने किया। उन्होंने अपनी टीम के साथ पहुंचकर पूरे अनुशासन एवं समर्पण के साथ शिविर का संचालन सुनिश्चित किया।

### एचएसएससी भर्तियां से पहले लेगा युवाओं के सुझाव

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़**

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा नई भर्तियों की तैयारी शुरू कर दी गई है।

आयोग द्वारा पुलिस भर्तियों की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इससे पहले हाल ही में ग्रुप डी के लिए सीईटी के आयोजन का भी ऐलान किया जा चुका है। पिछले सीईटी में करीब 13 लाख युवाओं ने भाग लिया था।

किसी प्रकार के विवाद से बचने के लिए सरकार द्वारा अब अधिकतर भर्तियां आयोग के माध्यम से की जा रही हैं।

## होली का पर्व जीवन में खुशिया लाता है : अत्रेजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** भाटिया सेवा मंच द्वारा गीत संगीत और रंगों के बीच होली का रंगारंग पर्व मनाया गया। इस अवसर पर भाटिया सेवा मंच के साथ अन्य समाज के सेवी मौजूद थे। कार्यक्रम में विधायक जगमोहन आनंद, मेयर रेनू बाला गुप्ता, हरियाणा राज्य कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा, मुख्यमंत्री के पूर्व ओएसडी तथा कुरुक्षेत्र डिवेलपमैंट आथोर्टी के चेयरमैन संजय बठला, पूर्व मंत्री शशीपाल मैहता हरियाणा राज्य व्यापार कल्याण बोर्ड के जिलाअध्यक्ष कृष्ण लाल तनेजा तथा हरमीत सिंह हैप्पी विशिष्ट अतिथि थे।

इस अवसर पर होली के गीत गाकर हर उम्र वर्ग के बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। भाटिया सेवा मंच के प्रधान वनीत भाटिया ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी। इस अवसर पर संरक्षक घनश्याम भाटिया, सुरिंदर भाटिया, विजय भाटिया, चंद्रप्रकाश भाटिया, विनोद वाला भाटिया,अनीता भाटिया, आशा भाटिया, वीर भाटिया, विकास, दिनेश, राकेश, प्रभुदयाल का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में राजेश भाटिया, सोनिया चोपड़ा, विनीत भाटिया ने होली केरंगारंग गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर हरियाणा राज्य कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा, मुख्यमंत्री के पूर्व ओएसडी तथा कुरुक्षेत्र डिवेलपमैंट आथोर्टी के चेयरमैन संजय बठला ने भी गायकी का हुनर पैश किया। कार्यक्रम सतिया वाला मंदिर माडल टाउन में आयोजित किया गया।

## हरियाणा सरकार सरकारी नियुक्तियों में प्रदेश के युवाओं की कर रही अनदेखी :बृजेंद्र सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**

**गुहला चीका।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही सद्भाव यात्रा अपने 148 वें दिन में प्रवेश कर चुकी है। दो दिवसीय गुहला यात्रा के दूसरे दिन रविवार को सद्भाव यात्रा गांव खरकां से प्रारंभ हुई, जहां भारी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके बाद यात्रा गांव समाधां, थेह खरक, घोघ, नागल, गोरा से होते हुए गांव सीवन में सम्पन्न हुई। सीवन की वाल्मीकि धर्मशाला में वाल्मीकि समाज ने यात्रा का भव्य स्वागत किया और साथ ही भरपूर समर्थन भी दिया।

बाहरी लोगों को नौकरियों में प्राथमिकताः

इस मौके पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने हरियाणा के युवाओं के रोजगार का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हो रही नियुक्तियों में हरियाणा के युवाओं के साथ भेदभाव अपनाया जा रहा है। बाहरी लोगों को नौकरियों में प्राथमिकता दी जा रही है। इस कारण से हरियाणा का शिक्षित युवा वर्ग में सरकार के प्रति रोष बढ़ रहा है। लेकिन सैनी सरकार को इससे कोई लेना देना नहीं हैं । इससे दुर्भाग्यपूर्ण बात क्या हो सकती है कि हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन के चेयरमैन प्रदेश के युवाओं पर तंज कसते हैं। तंज भी देखो क्या है कि हरियाणा के युवा तो नियुक्तियों के लायक ही नहीं है और फिर मुख्यमंत्री को देखिए फौरन उनके समर्थन में उतर जाते हैं ओर कहते है कि नियुक्तियों में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। बीजेपी पर समाज में धर्म और जाति के नाम पर जहर फैलाने का आरोपः

बृजेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि बीजेपी सत्ता में बने रहने के लिए किसी भी हद तक गुजर सकती है।

उसके लिए चाहे समाज में धर्म के नाम पर जहर फैलाना पड़े या फिर जातिवाद के नाम अपना उल्लू सीधा करना पड़े और यही समय समय पर बीजेपी की राजनीति ने साबित भी किया है। बीजेपी की यही नीति समाज में भाईचारे और लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करती है, जिसे रोकने के लिए कांग्रेस की सद्भाव यात्रा निकाली जा रही है। लेकिन अब देश की राजनीति में बदलाव की शुरूआत हो चुकी है और जनता अब इन मुद्दों पर जागरूक हो रही है।

उन्होंने केंद्र सरकार पर देश की विदेश नीति और भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समझौतों में भारत के राष्ट्रीय हितों को दांव पर लगाया जा रहा है। अमेरिका के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील में कृषि, डेयरी, ऊर्जा, डिजिटल डेटा और आर्टफिशियल इंटेलिजेंस जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विदेशी कंपनियों को छूट देने से देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रभावित हो सकती है। उनका कहना था कि किसान और छोटे व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, इसलिए उनके हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

ऊर्जा क्षेत्र में बाहरी दबाव में निर्णय लेने से देश की रणनीतिक स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है। उन्होंने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को किसानों और देश की दीर्घकालिक स्वायत्तता के खिलाफ बताया।

## ओम गुरु शरण परिवार द्वारा वार्षिक होली महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत**

ओम गुरु शरण परिवार द्वारा वार्षिक होली महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन तहसील कैंप के सुभाष नगर स्थित श्री दुःख भंजन दरबार में किया गया।

महोत्सव के दूसरे दिन आज विशाल शोभायात्रा दरबार से शुरू होकर नगर भ्रमण करते हुए वापसी दरबार पर आकर सम्पन्न हुई। शोभा यात्रा में बैंड बाजे ढोल नगाड़े के साथ संगत धार्मिक भजनों पर जमकर झूमी।

शोभायात्रा के शुभारंभ से पूर्व ध्वजारोहण ईश्वर कश्यप एवं परिवार द्वारा किया गया जबकि ज्योत प्रचंड धीरेंद्र गोयल परिवार ने की। नितिन कठपालिया एवं परिवार ने पालकी की दर्शन की सेवा की। पालकी शोभायात्रा में माता महाकाली जी की पालकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। समापन पर माता महाकाली जी की आरती संजय सहगल द्वारा की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संत श्री आनंद प्रकाश जी महाराज ने की। वहीं समापन पर आयोजित भंडारे में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



## न्यूज फ्लैश

### कलेसरा में हुआ दिव्य आरती का भव्य आयोजन




**रादौर, 1 मार्च (कुलदीप सैनी)** : भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में गांव कलेसरा स्थित गुरुकुल में मां जगत जननी जगदंबा व सतगुरु देव शक्तिपुत्र जी महाराज की दिव्य आरती का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने किया। रीना मसाना व श्रुति चमरौडी ने जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता ने संगठन की तीन प्रमुख धाराओं पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम, भगवती मानव कल्याण संगठन और भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के माध्यम से धर्म, राष्ट्र व मानवता की सेवा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संगठन पिछले 30 वर्षों से नशा मुक्त, मांसाहार मुक्त व चरित्रवान समाज निर्माण के लिए कार्यरत है।

### फिलिंग स्टेशन से ईंधन व नकदी गबन का आरोप, कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज

**रादौर, 1 मार्च (कुलदीप सैनी)** : थाना जठलाना क्षेत्र स्थित नीलकंठ केएस फिलिंग स्टेशन, नगली घाट में ईंधन की कथित चोरी और नकदी लेकर फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। पंप स्वामी एडवोकेट सचिन सिंह द्वारा जठलाना पुलिस को दी गई लिखित शिकायत के अनुसार पिछले कुछ महीनों से स्टॉक मिलान के दौरान पेट्रोल-डीजल की कमी पाई जा रही थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 18 फरवरी की रात्रि सीसीटीवी फुटेज की जांच में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी सुमित (निवासी उत्तर प्रदेश) एक अज्ञात व्यक्ति के साथ परिसर में खड़े वाहनों से डीजल निकालते हुए दिखाई दिया।अन्य तिथियों की फुटेज में भी संदिग्ध गतिविधियां होने का दावा किया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार बीते 5-6 माह में लगभग 2000 लीटर ईंधन की कमी दर्ज की गई है। इसके अतिरिक्त 22 फरवरी को संबंधित कर्मचारी कथित रूप से बिक्री की लगभग 14 हजार रुपये की नगद राशि लेकर चला गया और वापस नहीं लौटा। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि बाद में उसने फोन पर चोरी करने की बात स्वीकार करने का दावा किया गया, जिसके पश्चात उसका मोबाइल बंद हो गया। जठलाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

# अम्बाला से चंडीगढ़-शिमला का घटेगा सफर, जीरकपुर बाइपास से जुड़ेगा नया एक्सप्रेस-वे

## ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने प्रोजेक्ट पर काम शुरू होने को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया

**कनेक्टिविटी**

**जीरकपुर में बनने वाले नए बाईपास से कनेक्टिविटी पहले से और बेहतर होगी- अनिल विज**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला से जीरकपुर, चंडीगढ़, मोहाली और कालका-शिमला का सफर अब पहले से घटेगा।
जीरकपुर में बनने वाले नए बाईपास से कनेक्टिविटी पहले से और बेहतर होगी। इसी प्रोजेक्ट के तहत अम्बाला से चंडीगढ़ तक नया हाईवे बन रहा है जो नए जीरकपुर बाईपास को कनेक्ट करेगा। विज अपने आवास पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया चंडीगढ़ के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आशीम बंसल से इस अहम प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा कर रहे थे।



ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि इस प्रोजेक्ट को लेकर उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी से सिफारिश की थी और अब इसपर काम होने पर उन्होंने मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है।
मंत्री अनिल विज के आवास पर पहुंचे एनएच के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आशीम बंसल ने बताया नए अम्बाला-चंडीगढ़ एक्सप्रेस वे को जीरकपुर बाइपास से जोड़ा जाएगा। अंबाला से चंडीगढ़ का करीब 45 मिनट का सफर घटकर 20 मिनट का रह जाएगा और बाइपास से अलग-अलग कनेक्टिविटी पंचकूला, कालका-शिमला और मोहाली के लिए मिल जाएगी। इसके बनने से ट्रैफिक का दबाव कम होगा और शहर में जाम की समस्या से राहत मिलेगी। गौरतलब है कि 1464 करोड़ रुपये की इस परियोजना से एनएच-44, एनएच-205ए और एनएच 152 से नेशनल हाईवे से आने जाने वाले वाहनों को डायवर्ट करेगा। इससे मोहाली, पंचकूला और चंडीगढ़ के भीड़भाड़ वाले चौराहों पर ट्रैफिक कम होगा। हिमाचल प्रदेश की ओर जाने वाले वाहनों को भी वैकल्पिक मार्ग मिलेगा। उत्तर भारत में परिवहन ढांचे को मजबूत करने के लिए जीरकपुर से बाइपास विकसित किया जा रहा है। यह परियोजना भारतमाला कार्यक्रम के तहत तैयार की जा रही है। इसके बनने से पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली एनसीआर के वाहन चालकों को लाभ होगा। यह बाइपास लंबी दूरी की यात्रा करने वालों के लिए काफी फायदेमंद होगा, जो उनका समय बचाएगा। इसके तहत दिल्ली से चंडीगढ़ यदि आना है तो 20 से 30 मिनट तक की बचत होगी। दिल्ली से मनाली 2 से 3 घंटे तक की कमी होगी। दूसरी ओर चंडीगढ़ से शिमला/मनाली जैसे पहाड़ी मार्गों पर ट्रैफिक दबाव कम होगा।

### रैशनल वर्ल्ड स्कूल में प्रतिभाओं का किया सम्मान



**रादौर, 1 मार्च (कुलदीप सैनी)** : रैशनल वर्ल्ड स्कूल में प्रशंसा दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी को उसकी विशिष्ट प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि हर बच्चा अनोखा है और उसमें विशेष क्षमताएं निहित होती हैं, जिन्हें पहचानना और प्रोत्साहित करना आवश्यक है। समारोह में विज्ञान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को जूनियर आइंस्टीन की उपाधि से सम्मानित किया गया, जो महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन से प्रेरित है। गणित में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को जूनियर आर्यभट्ट सम्मान प्रदान किया गया, जो प्राचीन भारतीय गणितज्ञ आर्यभट्ट के नाम पर आधारित है। लेखन कला में निपुण विद्यार्थियों को पेन मास्ट्रोज, संगीत व नृत्य में उत्कृष्ट विद्यार्थियों को मेलोडी मास्टर तथा खेलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को स्टार प्लेयर पुरस्कार दिए गए। किंडरगार्टन के बच्चों को भी क्रिएटिव माइंड और ब्राइट लर्नर जैसे विशेष खिताब देकर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या परनीत कौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे सम्मान आत्मविश्वास बढ़ाने और सपनों को साकार करने की दिशा में प्रेरित करते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे आयोजनों को जारी रखने की बात कही।

### अलाहर में 4 मार्च से होगा दो दिवसीय विशाल आर्य सम्मेलन

**रादौर, (कुलदीप सैनी)** : महर्षि दयानंद सरस्वती की 202वीं जयंती एवं आर्य समाज अलाहर के 117वें वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में 4 व 5 मार्च को आर्य समाज भवन, अलाहर में विशाल आर्य सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संरक्षक राजकुमार आर्य व कोषाध्यक्ष हुक्मचंद आर्य ने बताया कि दोनों दिन प्रातः 8 से 12 बजे, दोपहर 2 से 5 बजे तथा रात्रि 8 से 11 बजे तक विभिन्न सत्र आयोजित होंगे। सम्मेलन में समाजसेवी मान सिंह आर्य मुख्य अतिथि तथा आचार्य विपिन शास्त्री (उत्तर प्रदेश) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संगीताचार्य जयपाल आर्य महर्षि दयानंद के जीवन



संदेश पर प्रकाश डालेंगे, जबकि मदनदीप आर्य (सहारनपुर) भारतीय वीरों के इतिहास व वैदिक राम कथा का गायन प्रस्तुत करेंगे।

### ब्रह्माकुमारीज द्वारा भवन निर्माण का शिलान्यास समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय शिव वरदानी भवन, 3704/1-बी, पन्ना कॉटेज, एसडी विद्या स्कूल के सामने, अंबाला कैंट के भवन निर्माण का शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया। कार्येक्रम अंबाला सब जोन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी जी की अध्यक्षता में किया गया। पन्ना कॉटेज सेवाकेंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रानी दीदी व सह संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शोभा दीदी के निमत्रंण पर साहा, शाहाबाद, बराड़ा, मौलाना, सढौरा, शहजादपुर, अंबाला शहर, यमुनानगर, करनाल व नारायणगढ़ स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवाकेन्द्रों से राजयोग शिक्षिकाएं इस अवसर पर पधारे, जिनके शुभ आगमन पर सेवाकेंद्र संचालिका रानी दीदी ने सभी का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज पंजाब जोन के डायरेक्टर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रेम दीदी जी



फरीदकोट से व राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी उत्तरा दीदी जी चंडीगढ़ जी की विशेष वरदानी उपस्थिति रही। इसके अलावा कार्यक्रम में वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी कविता दीदी भी चंडीगढ़ से पधारे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पठानकोट से पधारे सुप्रसिद्ध गायक बीके ओमप्रकाश भाई जी रहे। सभी मुख्य अतिथियों का चुन्नी, बैच, तिलक व गुलदस्ते के साथ स्वागत किया गया।

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रेम दीदी जी फरीदकोट जी ने कामना की यह भवन जल्दी बनकर तैयार होगा और भविष्य में इस स्थान से अनेक लोगों को बाबा का दिव्य संदेश प्राप्त होगा। दीदी ने कहा यह भगवान के घर का कार्य हैं, जो भगवान का घर बनाने के कार्य में सहयोग करता हैं, भगवान भी उसका रिटर्न उसे झोली भरकर जरूर देता हैं।

कार्येक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी अनुभवानंद गिरि जी, वेदांताचार्य जी की पावन उपस्थिति रही। स्वामी जी ने कहा हमें इस स्थान पर आकर बहुत शांति की अनुभूति होती है और मैं जब आज यहां आया तो मुझे ऐसा लगा जैसे भवन निर्माण का कार्य संपन्न हो गया है मुझे महसूस ही नहीं हुआ कि अभी यहां भवन का निर्माण प्रारंभ होना हैं।

## जब तक सीएम का स्पष्टीकरण नहीं, तब तक जारी रहेगा आंदोलन

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

खरखौदा के थाना कलां रोड पर स्थित जागृति स्थल पर रविवार को शेर सिंह पीपली की अध्यक्षता में खरखौदा संघर्ष कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में क्षेत्र के अस्तित्व और युवाओं के भविष्य को लेकर कई कड़े और निर्णायक फैसले सर्वसम्मति से लिए गए, जिससे आने वाले दिनों में आंदोलन के और तेज



होने के संकेत मिल रहे हैं। बैठक का मुख्य एजेंडा खरखौदा को किसी अन्य जिले में शामिल किए जाने की चर्चाओं पर रहा। कमेटी ने दो टूक शब्दों में स्पष्ट किया कि जब तक हरियाणा के मुख्यमंत्री स्वयं इस पर स्पष्टीकरण नहीं देते कि खरखौदा

**मांग**

**जनसंपर्क अभियान चलाएंगे और बड़ी पंचायतें आयोजित कर जनता को इस मुहिम से जोड़ेंगे**

किसी भी नए जिले का हिस्सा नहीं बनेगा, तब तक उनका आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। अपनी रणनीति साझा करते हुए कमेटी के सदस्यों ने कहा कि वे अब गांव-गांव जाकर जनसंपर्क अभियान चलाएंगे और बड़ी पंचायतें आयोजित कर जनता को इस मुहिम से जोड़ेंगे। वही क्षेत्र के विकास और युवाओं के अधिकारों पर चर्चा करते हुए संघर्ष कमेटी ने आईएमटी खरखौदा और उसकी सहायक इकाइयों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देने की मांग उठाई। नेताओं ने कहा कि यह युवाओं

### हरियाणा पेंशनर वेलफेयर सोसाइटी की मासिक बैठक आयोजित

**रादौर, 1 मार्च (कुलदीप सैनी)** : हरियाणा पेंशनर वेलफेयर सोसाइटी की मासिक बैठक शहीद उधम सिंह धर्मशाला रादौर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान ओमप्रकाश बड़शामी ने की। बैठक की शुरूआत में सदस्य बलजीत सिंह रोहिला की सुपुत्री कमलेश रानी (57 वर्ष) के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इसके पश्चात सदस्यों ने सरकार से आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों को शीघ्र लागू करने,



सातवें वेतन आयोग की विसंगतियां दूर करने, 65, 70 व 75 वर्ष की आयु पर क्रमशः 5, 10 व 15 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन देने, चिकित्सा भत्ता 3000 रुपये करने तथा कम्यूटेशन अवधि 12 वर्ष करने सहित अन्य मांगें उठाईं। बैठक में बलजीत रोहिला, योगेश शर्मा, राजपाल, चाननदास, अमृतलाल, रामचंद्र सैनी, बीरसिंह, कृष्ण लाल, मोलूराम, कुडाराम, कृष्णलाल, राजकुमार, कुलदीप शर्मा, हंसराज सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन घायल, केस दर्ज

**रादौर, 1 मार्च (कुलदीप सैनी)** : कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार भाई-बहन घायल हो गए। रादौर पुलिस को दी शिकायत में करनाल के गांव लबकरी निवासी फकीर चंद ने बताया कि वह अपनी बहन संतोष देवी को मोटरसाइकिल पर दौलतपुर छोड़ने जा रहा था। रादौरी गांव से आगे पहुंचने पर पीछे से आ रही एक कार ने तेज रफ्तार व लापरवाही से उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। शिकायतकर्ता के अनुसार कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## किसानों के मुद्दों को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

**तोशाम, वंदना शर्मा**

**तोशाम** - गांव सरल में ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन द्वारा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते तथा किसानों के अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक किसान एवं मजदूर साथी शामिल हुए। इस अवसर पर संगठन के जिला प्रधा,न रोहतास सिंह सैनी ने कहा कि प्रस्तावित भारतझअमेरिका व्यापार समझौते से पहले से आर्थिक संकट झेल रहे किसानों की स्थिति और अधिक खराब हो जाएगी। उन्होंने आशंका जताई कि यदि यह समझौता लागू हुआ तो किसानों को खेती छोड़ने पर मजबूर होना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि




रोजगार के सीमित अवसरों के कारण किसानों के परिवार गंभीर मानसिक और आर्थिक दबाव में हैं। संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से मांग रखी गई कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार भारत-अमेरिका कृषि समझौते को रद्द करे। साथ ही गेहूं और धान पर किसानों को दिए जाने वाले बोनस को समाप्त करने संबंधी डी.ओ. पत्र को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की गई।
कार्यक्रम के दौरान संगठन के जिला सचिव एडवोकेट बस्तीराम ने अमेरिका-इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के विरोध में प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।
उन्होंने कहा कि ईरान पर हुए हमले की संगठन कड़ी निंदा करता है।
सभा को महेंद्र सिंह कटारिया,

**विरोध**

**केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार भारत-अमेरिका कृषि समझौते को रद्द करे**

फूलचंद, नरसिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में ओमवीर जांगड़ा, सुखबीर जांगड़ा, उजाला राम सूरा, ओम प्रकाश (बीडीसी), ओम प्रकाश फौजी, जयभगवान, अजीत सिंह, सुभाष जांगड़ा, आजाद सिंह सहित सैकड़ों किसान एवं मजदूर साथी विरोध प्रदर्शन में शामिल रहे।

## ग्राम सचिव, सरपंच और बीडीपीओ के दायित्व किए गए हैं तय

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि ग्राम पंचायतों के विकास, आय के स्त्रोतों को बढ़ाने और खर्च को रोकने के लिए ग्राम सचिव, सरपंच और बीडीपीओ के दायित्व तय किए गए हैं। इसी के तहत ग्राम सचिव सुनिश्चित करेगा कि बोलीदाताओं के बीच सांठगांठ तोड़ने के लिए, नीलामी विफल होने पर किसी भी बोलीदाता को नीलामी के लिए कोई बकाया राशि वापस न की जाए, और सभी भाग लेने वाले बोलीदाताओं को अगले तीन वर्षों के लिए भाग लेने से प्रतिबंधित किया जा सकता है। नीलामी को बाधित या विकृत करने के उद्देश्य से न्यूनतम प्रारंभिक राशि से कम बोली लगाने वाले या निर्धारित राशि से कम वृद्धि करने वाले बोलीदाताओं के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाए। नीलामी की न्यूनतम प्रारंभिक राशि पिछले वर्ष की सफल नीलामी राशि के 10 प्रतिशत से अधिक होगी। बोलियों में प्रत्येक बार 5000 रुपये के गुणक में वृद्धि की जाएगी।
ग्राम पंचायतों को अपनी आय के स्त्रोतों से बढ़ाने और व्यय में दोहराव को कम करने के लिए पंचायत एवं विकास विभाग ने निर्देश जारी किए हैं। इसके लिए ग्राम सचिव पंचायत निधि से खरीदे गए प्रत्येक विकास कार्य या भंडार वस्तु के संबंध में जानकारी के प्रस्ताव पारित को प्रत्येक निष्पादन एजेंसी, यानी जिला परिषद, पंचायत समिति, कार्यकारी



अभियंता (पीआर), योजना अधिकारी (डी-प्लान), परियोजना अधिकारी एमपी लैंड, पीएमजीवाई आदि को भेजें, ताकि विभिन्न स्त्रोतों से विकास कार्यों की पुनरावृत्ति से बचा जा सके।
उन्होंने कहा कि ग्राम सचिव सभी विकास कार्यों और सभी स्त्रोतों से खरीदी गई भंडार सामग्री का विवरण ग्राम पंचायत के परिसंपत्ति रजिस्टर में सूचना प्राप्त होते ही दर्ज करेगा। यदि किसी विकास कार्य में दोहराव पाया जाता है, तो ग्राम सचिव, कनिष्ठ अभियंता और सरपंच इसके लिए व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। ग्राम सचिव ग्राम पंचायतों के सभी पोर्टल, रजिस्टर और कैश बुक को नियमित रूप से अद्यतन रखेंगे। वे ग्राम पंचायतों द्वारा संचालित खातों की सूची रखेंगे और प्रत्येक खाते के लिए केवाईसी प्राप्त करेंगे। सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना कोई नया खाता नहीं खोला जाएगा और न ही कोई शेष राशि हस्तांतरित की जाएगी।
उन्होंने कहा कि ग्राम सचिव को पंचायत में तैनाती के पहले महीने के भीतर ग्राम पंचायत की प्रत्येक चल और अचल संपत्ति के स्थान और स्थिति से परिचित होना चाहिए और बीडीपीओ की सहायता से संसाधनों के कुशल उपयोग के लिए एक योजना तैयार करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बी.डी.पी.ओ. अपने स्वयं के स्त्रोतों से एक करोड़ से अधिक आय वाली पंचायतों की पहचान करेगा और ग्राम पंचायतों को 31 मार्च 2026 तक अपना जी.पी.डी.पी., वार्षिक विकास योजना बनाने में सहायता करेगा। इसी तरफ बीडीपीओ ग्राम पंचायतों में राजस्व उत्पन्न करने वाली संपत्तियों और स्त्रोतों, जैसे कृषि भूमि, अमृत सरोवर, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शुल्क, टावर शुल्क आदि की पहचान करेगा।

## युवाओं द्वारा गांव में रक्तदान व फ्री हैल्थ चैकअप कैंप का किया गया आयोजन

**साढ़ौरा/व्यासपुर**
**राशीद निराला**

रविवार को गांव सरावा में स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट व गांव वासियों के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में लोगों ने खून दान किया। सरावां में लगातार दूसरे साल आयोजित रक्तदान शिविर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट व गांव के लोगों के सहयोग से संपन्न हुआ जिसमें करीब 90 से ज्यादा यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ। इस शिविर में संजीवनी ब्लड बैंक अंबाला सिटी की टीम ब्लड लेने पहुंची कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साढौरा विधायक रेनू बाला व विशिष्ट अतिथि पूर्व उपाध्यक्ष जिला परिषद



अनिल संधू मोंटी रहे इस अवसर पर मुख्य अतिथि रेनू बाला ने कहा कि हमारे एक बूंद खून किसी के लिए एक पूरा जीवन बन सकता है हमें समय-समय पर खून देना चाहिए ताकि हमारा शरीर भी स्वस्थ रहे खून देने से कोई कमजोर नहीं होता बल्कि शरीर में दोगुनी ऊर्जा उत्पन्न होती है। वहीं अनिल संधू मोंटी ने कहा कि हमारे सरांवा गांव में रक्तदान शिविर लगातार दूसरे साल लगाया गया है जिसका श्रेय गांव के युवाओं को जाता है जिसके लिए युवा बधाई के पात्र हैं। अभिषेक सैनी, और उनकी टीम का भी पूरा सहयोग रहा विशेष तौर पर हर्ष सैनी, प्रभजोत ,मनोज सैनी, अनिल सैनी, विशाल जाट, मुनीर,आर्यन,तनीश जिन्दल,अजय कश्यप विशाल, टिंकू सैनी, सहितऔर भी संख्या में युवा अन्य लोग मौके पर मौजूद रहे।

# नव ज्योति शिक्षा सदन खुबडू भांवर का वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न

**वार्षिक उत्सव**

नव ज्योति शिक्षा सदन में रविवार को वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया।

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । गांव खुबडू भांवर स्थित नव ज्योति शिक्षा सदन में रविवार को वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यार्थियों ने हरियाणा एवं पंजाब की संस्कृति तथा




सामाजिक विषयों पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियाँ देकर मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रमेश चंद्र कौशिक ने शिरकत की। कौशिक का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्कूल के अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक ने स्वागत किया। पूर्व सांसद कौशिक ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा राष्ट्र निर्माण की सबसे सशक्त आधारशिला है और ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा सामाजिक जागरूकता का विकास करते हैं। विशिष्ट अतिथि अरुण त्यागी ने शत्रु द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की शरण की । मुख्य वक्ता विंग कमांडर सतीश कालीरमन ने विद्यार्थियों को राष्ट्रसेवा, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी।
विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र कौशिक ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संयोजक संदीप सिंघल ने आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर योगेश कौशिक (वाइस चेयरमैन, भावना जाग्या, ओमप्रकाश, राम, सत्यानारायण शर्मा, एल.एन. शर्मा (प्रधान, नव ज्योति शिक्षा समिति), परवीन जाग्या, एडवोकेट अंकित त्यागी, नेहा त्यागी तथा मनीषा जैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# होली मिलन व बुजुर्ग अभिनंदन समारोह में बुजुर्गों का किया सम्मान

**समारोह**

बुजुर्ग समाज की धरोहर हैं और उनके अनुभव से युवा पीढ़ी को दिशा मिलती है

**गन्नौर** । त्यागी ब्राह्मण महासभा गन्नौर के तत्वावधान में गढ़ी केसरी स्थित परशुराम भवन मंदिर में भव्य होली मिलन एवं बुजुर्ग अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम हवन-पूजन के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम में जेजेपी जिला अध्यक्ष सियानंद त्यागी, नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, प्रिंस वशिष्ठ, जोगेंद्र शर्मा, अंकित मल्होत्रा, गन्नौर बार प्रधान गौरव त्यागी, कविता शर्मा ने शिरकत



कर समाज की एकजुटता पर बल दिया। जबकि अध्यक्षता बार एसोसिएशन के प्रधान गौरव त्यागी ने की। महासभा के प्रधान महाबीर सिंह शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर समाज के उन बुजुर्गों का विशेष सम्मान किया गया, जिन्होंने 90 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है। जेजेपी जिला अध्यक्ष सियानंद त्यागी ने कहा कि बुजुर्ग समाज की धरोहर हैं और उनके अनुभव से युवा पीढ़ी को दिशा मिलती है। इस दौरान अतिथियों ने होली की बधाई देते हुए आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इस अवसर पर दयानंद ठेकेदार, एनडी भारद्वाज, शिक्षाविद खेमकरण शर्मा, श्रवण कौशिक, विनोद भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### गुप्तिधाम में गूढ़ मंदिर का भूमि पूजन व शिलान्यास समारोह संपन्न

**गन्नौर** । जीटी रोड स्थित गुप्तिधाम में रविवार को प्रस्तावित गूढ़ मंदिर के निर्माण हेतु भव्य भूमि पूजन व शिलान्यास समारोह श्रद्धा और विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम उपाध्याय 108 डा. गुप्तिसागर महाराज के पावन सानिध्य तथा रंजना शास्त्री के निर्देशन में आयोजित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिलान्यास होते ही श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल बन गया। इस अवसर पर गुप्तिसागर महाराज ने बताया कि मंदिर में गुप्त रचनाएं, आध्यात्मिक प्रतीक और विशेष संरचनाएं होंगी। मंदिर को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि यह सामान्य दिनों में बंद रहेगा और केवल विशेष अवसरों पर ही श्रद्धालुओं के लिए खोला जाएगा, जिससे साधकों को एकांत साधना और आत्मचिंतन का वातावरण मिल सके। शिलान्यास का प्रथम सौभाग्य वीरेंद्र सोनी व उनकी धर्मपत्नी पायल सोनी को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालू मौजूद रहे।

### हरियाणा पंचायत कंप्यूटर आपरेटर संघ की कार्यकारिणी गठित

**गन्नौर।** हरियाणा पंचायत कंप्यूटर आपरेटर संघ की ब्लाक कार्यकारिणी की बैठक पांची रोड स्थित रेलवे पार्क में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान प्रवीण ने की, जबकि मंच संचालन जिला सचिव संदीप राठौर द्वारा किया गया। बैठक की शुरूआत में यूनियन की रीति-नीति एवं संगठनात्मक मजबूती पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद सर्वसम्मति से ब्लाक गन्नौर की नई कार्यकारिणी का विस्तार व गठन किया गया। दीपेश को ब्लाक प्रधान, पूनम और सुरजीत को उपाध्यक्ष, राहुल को सचिव तथा पंकज को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में यूनियन की जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों सहित ब्लाक के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### सडक दुर्घटना में दादी-पोती की मौत, पोता घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सेक्टर-9 में बड़ा गांव की तरफ से आ रही एक बाइक को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार दादी और पोती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों रिश्तेदारी में शोक जताने जा रहे थे। घटना के बाद डंपर चालक फरार हो गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बड़ा गांव निवासी 55 वर्षीय फूलवती उर्फ फूलों देवी, उनकी 15 वर्षीय पोती दीपिका और 35 वर्षीय बेटा राजबीर बाइक पर सवार होकर करनाल आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक सेक्टर-9 में अशोका नर्सरी के पास पहुंची, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक असंतुलित हो गई।

हादसे में दादी-पोती उछलकर सीधे डंपर के नीचे आ गईं, जबकि बाइक चला रहा राजबीर दूसरी तरफ जा गिरा। डंपर दोनों को रौंदता हुआ मौके से फरार हो गया। सडक पर दोनों के शव क्षत-विक्षत हालत में पड़े रहे। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। दीपिका 10वीं कक्षा की छात्रा थी और इन दिनों बोर्ड की परीक्षाएं दे रही थी। वह अब तक दो पेपर दे चुकी थी। परिवार के लोगों ने बताया कि वह पढ़ाई में अच्छी थी और आगे पढकर कुछ बनना चाहती थी। मृतक महिला के दामाद सुरेंद्र कुमार ने बताया कि उनका साला राजबीर बाइक चला रहा था।

बाइक पर उनकी सास फूलो देवी और साले की बेटी दीपिका बैठी हुई थी। ये सभी शिव कॉलोनी में अपने चाचा का शोक व्यक्त करने के लिए आ रहे थे। रास्ते में ही डंपर ने उनकी सास और भतीजी को कुचल दिया। राजबीर को भी गंभीर चोटें आई हैं और उसका इलाज चल रहा है।

इसी दौरान हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण का काफिला भी उसी रास्ते से गुजर रहा था। सडक पर भीड़ और हादसे की स्थिति देखकर उन्होंने तुरंत अपना काफिला रुकवाया।

# रौनक पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव में छात्रों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव समारोह धूमधाम व उत्साह से मनाया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि के रूप में राहुल गुप्ता (मैनेजर, रौनक एजुकेशन फाउंडेशन) ने शिरकत की । विशिष्ट अतिथियों के रूप में निशांत छौक्कर (चेयरमैन, मार्केट कमेटी), वीरेंद्र मोहन लाल बडोली (भाजपा युवा नेता) तथा नीरज ठरू (जिला महामंत्री सोनीपत) ने शिरकत की । कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी अतिथियों का प्रधानाचार्या रजनी



शर्मा ने स्वागत किया। राहुल गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालयी मंच विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है और ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास तथा रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।
प्री-प्राइमरी से कक्षा तृतीय तक के विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, योग एवं ताइक्वांडो प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का दिल जीत लिया। ताइक्वांडो प्रदर्शन ने आत्मरक्षा के महत्व को उजागर किया।विद्यार्थियों ने ह्लमोबाइल का सीमित उपयोगह्व, ह्लजंक फूड से दूरीह्व और ह्लअपनी मिट्टी व संस्कृति से जुड़ावह्व जैसे सामाजिक संदेशों को नृत्य-नाटिकाओं के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

# थाना बिलासपुर प्रभारी थाने में तैनात अनुसंधान अधिकारियों की बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**
पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के निर्देशानुसार थाना बिलासपुर थाना के प्रांगण में थाने में तैनात सभी अनुसंधान अधिकारियों की बैठक लेकर उनके कार्यों की समीक्षा कर, आवश्यक दिशा निर्देश दिए। थाना प्रभारी ने कहा कि गैर कानूनी धंधा करने वालों तथा अपराध व अपराधियों की खोज खबर लेकर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए तथा आदतन अपराधियों को समय समय पर चैक कर उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखें और महिला विरुद्ध अपराधों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई करें।
उन्होंने अनुसंधान अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीएम विंडो, सीएम विंडो व हरसमय पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निश्चित समय अवधि में निपटारा कर सही समय पर जबाव भेजे तथा थाना में आए फरियादियों की फरियाद सुन कर शीघ्र अति शीघ्र न्याय दिलवाएं, ताकि लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस करें और समाज में पुलिस की एक बेहतर छवि नजर आए।

# कुंजपुरा में पुलिसकर्मी पर हमला, वर्दी फाड़ी


**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिले के गांव कुंजपुरा में रविदास मंदिर के पास घरेलू विवाद के दौरान पुलिस टीम पर हमला करने का मामला सामने आया है। इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल की टीम सूचना पर मौके पर पहुंची थी, जहां एक युवक अपनी पत्नी से मारपीट कर रहा था। समझाने पर आरोपी ने पुलिसकर्मी से हाथापाई कर दी, वर्दी फाड़ दी और डंडे से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार 27 फरवरी की रात करीब 9 बजे इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल 419 पर इवेंट मिला। सूचना मिली कि गांव कुंजपुरा में रविदास मंदिर के पास एक व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा है। उस समय वाहन पर इंचार्ज ईएएसआई रोहित, चालक एसपीओ परमजीत और एसपीओ दिलबाग ड्यूटी पर तैनात थे। टीम तुरंत मौके पर पहुंची।

मौके पर गांव कुंजपुरा निवासी अमृत लाल का बेटा सचिन अपनी पत्नी रीना के साथ झगड़ा कर रहा था और ऊंची आवाज में गालियां दे रहा था। पुलिसकर्मी दिलबाग ने सचिन को समझाने की कोशिश कीए लेकिन वह भडक गया।

# नाबालिग का सिर मुंडवाकर घुमाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर के मॉडल टाउन एरिया में एक दुकानदार ने 12 साल के बच्चे का सिर मुंडवा दिया। इसके बाद उसे दुकान के आसपास घुमाया। परिजनों का कहना है कि आरोपी दुकानदार ने उसे घंटों तक बाथरूम में कैद कर रखा। बच्चे की मां ने आरोप लगाया कि कि दुकानदार जबरन बेटे को काम पर ले गया। बेटे पर चोरी का झूठा आरोप लगाकर उसके घंटों तक टॉर्चर किया। बाथरूम में ही उसके बाल कटवाए। उसके साथ दुकान में काम करने वाले लोगों ने भी बेटे के साथ मारपीट की। उधर, पुलिस पूछताछ में दुकानदार ने सफाई दी



कि बच्चे ने दुकान में चोरी की थी। उसने गुस्से में आकर बच्चे के साथ मारपीट की। उससे गलती हो गई। पुलिस ने महिला की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। मॉडल टाउन एरिया में रहने वाली एक महिला ने बताया कि वह मॉडल टाउन की ही एक दुकान में काम करती है। शनिवार को उसकी तबीयत खराब थी। इसलिए वह काम पर नहीं जा सकी। लेकिन दुकानदार 12 वर्षीय बेटे को काम करवाने के लिए ले जाने लगा।
महिला ने कहा कि उन्होंने इसके लिए मना किया, लेकिन फिर भी दुकानदार जबरन बच्चे को दुकान पर ले गया। वहां बेटे के साथ काफी देर तक मारपीट की। उसे बाथरूम में भी बंद रखा। जब उन्हें इस घटना का पता चला तो वह दुकानदार के पास गई और उसके पैरों में गिरकर बच्चे को छोड? के लिए कहा। महिला के अनुसार, उन्होंने काफी देर तक दुकानदार के सामने बेटे को छोड? के लिए मिन्नतें की। इसके बाद उसने बेटे को छोड़ा। महिला का कहना है कि दुकान पर काम करने वाले अन्य लोगों ने भी बेटे के साथ मारपीट की।

# तीन नशा तस्कर काबू, तीन किलो अफीम बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कार में सवार तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक कंट्री मेड अवैध पिस्टलए 3 किलो 800 ग्राम अफीम और 6 जिंदा राउंड बरामद किए गए हैं। बरामद अफीम की कीमत करीब 8 लाख रुपए आंकी जा रही है। डीएसपी संदीप कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक कार में कुछ लोग नशीला पदार्थ और अवैध हथियार लेकर घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीमें अलर्ट हो गईं। रेलवे रोड करनाल पर नाकाबंदी कर संदिग्ध कार को रुकवाया गया।

# होली आपसी प्रेम , भाईचारे को मजबूत करने का अवसर: माईराम

**समारोह**

समारोह भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज त्यागी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** राई गांव में होली मिलन समारोह का आयोजन भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज त्यागी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समारोह में आपसी भाईचारे, सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश दिया।
कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के भाई व भाजपा नेता माईराम



कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि माईराम कौशिक ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम और सद्भाव को मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक आयोजन समाज में एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।
मनोज त्यागी ने कहा कि त्योहार समाज को जोड़ने का माध्यम होते हैं और हमें इन्हें मिलजुलकर मनाने की परंपरा को आगे बढ़ाना चाहिए।
समारोह में उपस्थित कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। भाजपा जिला उपाध्यक्षमनोज त्यागी ने ने संबोधन में कहा कि होली का पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी से समाज में शांति, प्रेम और सहयोग की भावना बनाए रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम गणमान्य लोगों की मौजूदगी में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# राजकीय विद्यालय में जरूरतमंद मरीजों के लिए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

**सोनीपत**
आज दिनांक 1 मार्च, रविवार, 2026 को समस्त ग्रामवासी पीपली खेड़ा (सोनीपत) एवं माँ भारती रक्तवाहिनी के तत्वावधान में भाई निखिल मलिक सुपुत्र श्री सुरेश नंबरदार के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर राजकीय विद्यालय में जरूरतमंद मरीजों के लिए एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस पुण्य कार्य में सामान्य अस्पताल की रक्तकोष टीम ने शिरकत करते हुए शिविर की समस्त प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक पूर्ण करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया ।माँ भारती रक्तवाहिनी की प्रेरणादायी मुहिम
ह्लजन्मदिवस पर करें रक्तदान ,बचाएँ जरूरतमंदों के प्राणह्वको साकार रूप देते हुए भाई निखिल मलिक के जन्मदिवस पर लगातार चौथी बार रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह माँ भारती रक्तवाहिनी का कुल 224वाँ रक्तदान शिविर रहा, जो निस्वार्थ भाव से मानवता को समर्पित किया गया।
रक्तदान शिविर में गाँव के सरपंच संजय मलिक, जिला पार्षद जयदीप मलिक जी श्री सुरेश मलिक नम्बरदार जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ धर्मवीर मलिक मुकेश मलिक, हरस्वरूप सरोहा, हरिकिशन सरोहा, जगबीर मलिक, सूबेदार रणबीर, सूरत लांबा ने भी उपस्थित होकर रक्तवीरों का उत्साहवर्धन किया।

# अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी के श्रमिक आवासों में आग, टीन शेड के 40 कमरे राख

**आग**

-आग लगने से पूरी तरह से जला अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी में टीन शेड से बने लेबर क्वार्टर।

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । गन्नौर में निमार्णाधीन अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी परिसर में रविवार दोपहर अचानक आग लग गई। आग मंडी के भीतर बने श्रमिक आवासों में लगी, जो टीन शेड से तैयार किए गए थे। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक शार्ट सर्किट से चिंगारी भड़की और




कुछ ही मिनटों में लपटों ने पूरे शेड को अपनी चपेट में ले लिया। करीब 40 कमरे जलकर खाक हो गए। घटना दोपहर लगभग एक बजे की बताई जा रही है। आग की सूचना मिलते ही दमकल केंद्र गन्नौर और बड़ी से फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान क्वार्टरों में रखे एलपीजी गैस सिलिंडर भी तेज गर्मी के कारण फट गए, जिससे स्थिति और भयावह हो गई। हादसे के समय श्रमिक बाहर थे, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। थाना बड़ी की पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है तथा आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।
-बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में कचरे में आग
बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में रविवार को खाली पड़े मैदान में जमा औद्योगिक कचरे में अचानक आग भड़क उठी। कुछ ही देर में लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया और लगभग एक किलोमीटर तक घना धुआं फैल गया। धुएं का गुबार जीटी रोड तक पहुंच गया, जिससे वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि क्षेत्र में फैले धुएं के कारण आसपास के लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी।

# होली हमें सभी भेदभाव भूलकर मिलजुलकर रहने की प्रेरणा देती : पुनीत राई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई** ।
राई में रंगों के पर्व होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला व पुरुषों ने उत्साह से भाग लिय। कार्यक्रम में भाजपा युवा नेता पुनीत राई ने शिरकत की। पुनीत राई ने सभी को होली की बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों से लोगों को अपनी परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल रंगों का नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है। पुनीत राई ने



कहा कि होली हमें सभी भेदभाव भूलकर मिलजुलकर रहने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर सभी से समाज में सौहार्द और सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि हमें त्योहारों की इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नई पीढ़ी को भी सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना चाहिए । इस अवसर पर राकेश त्यागी, राकेश कौशिक, प्रवेश शर्मा, सुरेश त्यागी, कर्मवीर सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

# धूमधाम से मनाया गया विधायक राजकरण खत्री का 61 वाँ जन्मदिन





**टीम एक्शन इंडिया/महेंद्र सिंह**
**नई दिल्लीः** नरेला के विधायक राजकरण खत्री का 61वाँ जन्मदिन रविवार को उनके कार्यालय में पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने अपने जनप्रिय नेता के प्रति सम्मान व्यक्त कर और फूलों की माला पहनाकर उनका स्वागत किया। उनके जन्मदिन के मौके पर क्षेत्र की कई सामाजिक और सांस्कृतिक व धार्मिक संगठनों ने विधायक राजकरण खत्री को बधाई देते हुए उनकी दीघार्यु की कामना की। इसी के साथ ही राजकरण खत्री ने सभी लोगों का हाथ जोड़कर आभार व्यक्त भी किया।

**फूल मालाओं के साथ किया गया विधायक का स्वागत**
इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलों की माला पहनाकर और केक काटकर विधायक का मुंह मीठा किया।

**ये लोग रहे मौजूदः** मंडल अध्यक्ष सुरेश खत्री, पूर्व निगम पार्षद सविता खत्री, जिला उपाध्यक्ष ललित खत्री, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक अमरोही, मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य, महामंत्री राकेश, कुंदन कुमार, पंकज गुप्ता, रजनीश खत्री, अंकुर विजय भगत, पारुल तिवारी, नरेश खत्री, नरेश आंतील, श्री भगवान प्रजापति, राजेश खत्री, अमित कुमार, धीरज सिंह राजपूत, धर्मवीर खत्री सहित सैकड़ों लोगों ने विधायक को बधाई दी।

**विधायक श्री खत्री क्षेत्र के विकास में हमेशा रहते है आगे**
आपको बतादें की विधायक राजकरण खत्री अपने कार्यकाल में समर्पण, पारदर्शिता और जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता के लिए जाने जाते हैं। इन गुणों ने उन्हें आम जनता के बीच एक विशेष स्थान दिलाया है। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं पर उनका




विशेष ध्यान रहा है। विधायक राजकरण खत्री हर वर्ग के लिए समान रूप से उपलब्ध रहते हैं और उनकी मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इन्हीं कारणों से नरेला के लोग उनके जन्मदिन को उत्साहपूर्वक मना रहे हैं।

**लोगों ने दीघार्यु की कामना कीः**
जनता ने उनके स्वस्थ और दीघार्यु जीवन की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वे इसी तरह नरेला को प्रगति के नए आयामों की ओर अग्रसर करते रहेंगे।

**विधायक ने जताया आभार**
जन्मदिन समारोह में आत्मीय और उत्साहपूर्ण माहौल रहा। इस दौरान क्षेत्र के युवाओं की विशेष सहभागिता देखने को मिली, जिन्होंने अपने प्रिय नेता को शुभकामनाएं दीं। शुभचिंतकों ने उनके दीघार्यु, स्वस्थ जीवन और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राजकरण खत्री ने अपने आवास और कार्यालय पर पधारे सभी नागरिकों और कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लोगों का स्नेह और समर्थन ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। इसके साथ विधायक ने युवाओं से समाजहित में सकारात्मक कार्यों से जुड़ने और क्षेत्र के विकास में योगदान



देने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने आपसी संवाद किया और लोगों ने बताया कि विधायक राजकरण खत्री हमेशा जनसेवा और क्षेत्र के हित में सक्रिय रहे हैं, जिसके कारण बड़ी संख्या में लोग उन्हें शुभकामनाएं देने पहुंचे। जन्मदिन समारोह प्रेम, सम्मान और सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ।

# लाल बाग पुनर्विकास मोहल्ला समिति ने धूमधाम से मनाया रंग महोत्सव






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** लाल बाग पुनर्विकास मोहल्ला समिति ने रंग महोत्सव व गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया। जहां 21 यजमानों ने धार्मिक और निर्मल मन से क्षेत्र की सुख-शांति के लिए महायज्ञ कर अनुष्ठान पूर्ण किया। इस मौके पर मॉडल टाउन के विधायक अशोक गोयल और संगम पार्क वार्ड के निगम पार्षद सुशील जोंटी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। वही, दिल्ली सरकार की हिंदी अकादमी और मैथिली-भोजपुरी अकादमी द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। जिसने उपस्थिति लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आपको बतादें कि समिति के अध्यक्ष राजेंद्र ने होली के उपलक्ष्य में धार्मिक अनुष्ठान गायत्री परिवार, शांति निकेतन (हरिद्वार) के माध्यम से करा कर, झुग्गी-झोपड़ी में धार्मिक भाव की अलख पैदा की है। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे पार्षद सुशील जोंटी, विक्रम सिंह, राजेंद्र कुमार, मदन कश्यप, पिंकू माथुर, अनुज गर्ग, राम अवतार, हरिशंकर, विकास, रिंकू, अमित मालाकार, अशोक, चंद्रकांत, अनीत कुमार, रंजना सिंह, रेनू, विकास गुप्ता, बंटी, राजू (अधिवक्ता), श्वेता जैन, दिलीप अकेला, अनिल (कल्लू), गोपाल, राजू, किरन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## हर रीडिंग रूम और हर कंप्यूटर सेंटर 'विकसित भारत' की ओर एक सशक्त कदमः विजेंद्र गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि आज के समय में कंप्यूटर शिक्षा कोई सुविधा नहीं बल्कि समय की अनिवार्य आवश्यकता है। डिजिटल युग में साक्षरता का अर्थ केवल पढ़ना-लिखना नहीं, बल्कि डिजिटल साक्षरता भी है। यह बात उन्होंने नांगलोई स्थित रघुनाथ धर्मशाला में सेवा भारती द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सावित्री देवी गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर एजुकेशन एवं रीडिंग रूम के उद्घाटन अवसर पर कही।
यह पहल विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों और युवाओं को डिजिटल शिक्षा तथा अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक विशाल भी उपस्थित थे, जिन्होंने शिक्षा, सामाजिक उत्थान और डिजिटल सशक्तिकरण के प्रति सामूहिक संकल्प को रेखांकित किया।

# जहांगीरपुरी में रेज़िडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने मनाया होली मंगल मिलन समारोह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** रेज़िडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन आई एवं जे ब्लॉक जहांगीर पुरी के अध्यक्ष एम. एल. भास्कर की अगुवाई में एक भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि देवेंद्र यादव ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए अपील की कि होली का यह पावन पर्व पवित्रता, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने कहा कि होली नशा-मुक्त, दंगा-मुक्त और आपसी भाईचारे को मजबूत करने वाली होनी चाहिए। किसी की भावनाओं को ठेस पहुँचाए बिना, आपसी सद्भाव और एकता के संदेश के साथ रंगोत्सव मनाना ही इस पर्व की सच्ची भावना है। रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष एम. एल. भास्कर ने





समारोह में पधारे सभी सम्मानित अतिथियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि सभी के जीवन में अपार खुशियाँ, समृद्धि और स्वास्थ्य बना रहे तथा सभी रंगोत्सव को प्रेम, शांति और धूमधाम के साथ मनाएँ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में देवेंद्र यादव के अलावा सूरज भान, ओमकार सिंह ढींगिया, सुधीर पार्चा, अनिल राणा, अशोक यादव, शिखा मल्होत्रा, ननुआ प्रधान, ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया, मिस्टर चोपडा, संजय प्रधान, अशोक पाल, रविंद्र गुप्ता, राम महेश, राजा भाई, बॉबी भाई, अच्छे लाल गौतम, मोहित, भोले शंकर, दीपक प्रजापति, संजय बागड़ी, प्रेम एलाबादी, सजीव यादव, राकेश राठौर, मुकेश माथुर, मा. शरीफ, सुधा सिंह, पूजा, डॉ रीना, उषा देवी, विजय भास्कर के अलावा क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक, युवा साथी एवं मातृशक्ति उपस्थित रही, जिससे पूरा वातावरण रंगों, उत्साह और भाईचारे से सराबोर हो गया।

# नरेला विकास संगठन ने सादगी के साथ किया होली मिलन समारोह आयोजित, दिया एकता का संदेश







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** नरेला विकास संगठन की ओर से रविवार सुबह हरिश्चंद्र रोड़ स्थित केसरिया ढाबा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।
इस दौरान न केवल फूलों की बौछार हुई, साथ ही संगठन की एकता और मजबूती पर भी विशेष बल दिया गया। समारोह में नरेला विकास संगठन के प्रधान हेमराज बंसल, महासचिव नौतन दास अरोड़ा, कोषाध्यक्ष श्रीनिवास वर्मा, उप प्रधान अनिल आर्या, सुरेंद्र वर्मा, सतवीर राणा, जितेंद्र चोपड़ा, रचना, सचिव डॉ राजिंदर रथधनिया, सुषमा गौतम अध्यक्षा हमारी मेहनत सोशल फाउंडेशन, राम प्रकाश गर्ग सहित कई लोगों ने एक-दूसरे पर पुष्प की वर्षा कर होली खेली और गले लगकर बधाई दी। इस मौके पर हेमराज बंसल ने सभी को एकजुट रहने का आह्वान किया, तो वहीं नौतन दास अरोड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि होली का यह पावन अवसर हमें आपसी गिले-शिकवे मिटाकर एक नयी ऊर्जा के साथ सेवा भाव में जुटने की प्रेरणा देता है।

## न्यूज फ्लैश

### उज्ज्वल भविष्य एनजीओ द्वारा साढ़ौरा खेल स्टेडियम में खेल एवं होली उत्सव कार्यक्रम का आयोजन



**साढ़ौरा/व्यासपुर**
**राशीद निराला**

उज्ज्वल भविष्य एनजीओ द्वारा खेल स्टेडियम, साढ़ौरा में खेल एवं होली उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लड़कों एवं लड़कियों की दो दौड़ प्रतियोगिताएं, रस्साकशी तथा अन्य गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें 100 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ प्रतियोगिता में 2 कि.मी. लड़कों में गोरिल खानपुर,चीमा रामपुर, मोहित चमेल माजरा व लड़कियों की 800 मी. में तानिया साढ़ौरा,दीपा सन्नोड़,शगुनप्रीत साढौरा क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।एनजीओ सदस्य नरेश शर्मा ने होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को जीवन को रंगों की तरह खुशहाल और सकारात्मक तरीके से जीने का संदेश दिया। इस अवसर पर कोच नायब सिंह, गौतम डांग, मनीन्दर तथा राकेश शर्मा उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम के उद्देश्य की सराहना करते हुए युवाओं को खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। एनजीओ द्वारा यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।
कार्यक्रम का समापन जलपान एवं होली के रंगों के साथ हर्षोल्लासपूर्वक किया गया।

### समाज में एकता, समरसता और संगठन की भावना को सुदृढ़ किया जाना जरूरीः संदीप




**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** आज यहां श्री भवानी मंदिर चीका के प्रांगण में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चीका नगर के सेवा प्रमुख संदीप कुमार नेमुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की तथा गुरुदेव सैनी की एक आयोजक के रूप में विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्ति, मातृशक्ति, युवा एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बन गया। अपने संबोधन में संदीप ने हिंदुत्व के व्यापक स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में समाज विभिन्न जातियों और वर्गों में विभाजित होता जा रहा है। ऐसे समय में हिंदू सम्मेलन जैसे आयोजनों की आवश्यकता ओर भी अधिक बढ़ जाती है, ताकि समाज में एकता, समरसता और संगठन की भावना को सुदृढ़ किया जा सके। उन्होंने पंच परिवर्तन के विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण एवं संस्कार जागरण, कुटुंब प्रबोधन तथा नागरिक कर्तव्यों के पालन पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि यदि समाज इन पांच विषयों पर जागरूक होकर कार्य करे, तो राष्ट्र निर्माण की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। इस अवसर पर समाजसेवी ईश्वर अत्री एवं राजेश शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने समाज में आपसी सहयोग, संगठन और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर बल देते हुए युवाओं से राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती व सामूहिक

# केयू में अकादमिक प्लानिंग बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में अकादमिक प्लानिंग बोर्ड की अहम बैठक विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक नीतियों, पाठ्यक्रमों के आधुनिकीकरण, शोध गतिविधियों के विस्तार, उद्योगों से सहयोग तथा विद्यार्थियों के कौशल विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई। इस अवसर पर डॉ. धनपत राम अग्रवाल की पुस्तक मोनोग्राफ आन आईपीआर लॉ एंड आईपीआर मैनेजमैंट का विमोचन भी किया गया।
कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप लचीला, बहुविषयक और शोधोन्मुखी



बनाना समय की मांग है। उन्होंने विद्यार्थियों को रोजगारपरक एवं कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करने, डिजिटल शिक्षण संसाधनों को सुदृढ़ करने तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अकादमिक सहयोग बढ़ाने पर बल दिया।
बैठक में ˙ चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज कंबोज, गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. संजय कौशिक तथा अग्रवाल महेश्वरी एंड कंपनी के संस्थापक एवं मैनेजिंग पार्टनर डॉ. धनपत राम अग्रवाल ने उच्च शिक्षा में गुणवत्ता, नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति और उद्योग-अकादमिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत किए।
बैठक के दौरान नए व्यावसायिक एवं कौशल आधारित पाठ्यक्रम प्रारंभ करने, शोध परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने, परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता लाने तथा महाविद्यालयों के साथ समन्वय को और मजबूत करने पर सहमति बनी।
बैठक में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार, डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. ब्रजेश साहनी, डीन प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रो. मंजुला चौधरी, प्रो. दिनेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, , ओएसडी पवन रोहिल्ला तथा डॉ. पंकज गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।
अंत में सभी सदस्यों ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गरिमा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु समर्पित भाव से कार्य करने की बात कही।

### टीएफ प्ले स्कूल में वार्षिक समारोह तरंग का भव्य आयोजन



**साढ़ौरा/व्यासपुर**
**राशीद निराला**

रविवार को टीएफ प्ले स्कूल साढौरा में पहला वार्षिक समारोह का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की थीम तरंग रही, जिसमें विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवन के विभिन्न रंगों को दशार्या। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।
जानकारी के अनुसार इस समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी अख्तर अली एवं विशिष्ट अतिथि शामलाल सैनी उपस्थित रहे। इस दौरान स्कूल के नन्हे मुन्ने छात्रों के परिजनों ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य,ने दर्शकों की भरपूर प्रशंसा प्राप्त की। मुख्य अतिथि अख्तर अली ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं।
शामलाल सैनी ने विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की। स्कूल संचालिका सैय्यदा जैनब ने बताया कि एक साल पहले हमने टीएफ प्ले स्कूल शुरू किया था, जिसका आज पहला वार्षिक समारोह बहुत ही शानदार रहा।

### केमिकल रंगों से दूरी बनाकर मनाएं सुरक्षित और स्वस्थ होलीः उपायुक्त डॉ विरेंदर

**पानीपत :** होली भारतीय संस्कृति का एक जीवंत और उल्लासपूर्ण पर्व है, जो आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का प्रतीक है। यह त्योहार हमें बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देता है। भगवान विष्णु के भक्त प्रह्लाद की अटूट श्रद्धा और होलिका के अंत की कथा हमें सिखाती है कि सत्य और आस्था की हमेशा जीत होती है। यही संदेश होली के रंगों में समाया हुआ है।
उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने जिलेवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व केवल रंगों का नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने का अवसर है।

## धीमान मल्टीकेयर हेल्थ सेंटर में लगा निःशुल्क शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** गांव में सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की प्रेरणादायक मिसाल पेश करते हुए किडवेंचर प्ले हाउस द्वारा धीमान मल्टीकेयर हेल्थ सेंटर में एक विशाल निःशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में लगभग 565 लोगों ने पहुंचकर अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई और निःशुल्क दवाइयों का लाभ उठाया। कैंप में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने ग्रामीणों की विस्तृत जांच की, आवश्यक परामर्श दिया तथा जरूरतमंद मरीजों को मौके पर ही दवाइयां वितरित की गईं। पूरे आयोजन की व्यवस्था अत्यंत



सुव्यवस्थित और प्रभावशाली रही। ग्रामीणों में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह और संतोष देखने को मिला। कार्यक्रम में गांव के सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण ने शिरकत करते हुए कहा कि गांववासियों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है और ऐसे जनहितकारी आयोजन भविष्य में भी निरंतर करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज की व्यस्त जीवनशैली में लोग अपने स्वास्थ्य की अनदेखी कर देते हैं, ऐसे में इस प्रकार के शिविर गांव के लिए वरदान साबित होते हैं। इस अवसर पर समाजसेवी विपिन कुमार ने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त समाज की पहचान होते हैं। नियमित स्वास्थ्य जांच और जागरूकता से गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। वहीं समाजसेवी रणवीर संधू ने कहा कि बीमारी से पहले सावधानी ही सबसे बड़ा उपचार है। ऐसे शिविर समाज में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करते हैं और लोगों को समय रहते उपचार का अवसर देते हैं।
कार्यक्रम के अंत में किडवेंचर प्ले हाउस की संस्थापिका श्रीमती दीपशिखा बेनीवाल ने कैंप में पहुंचे सभी लोगों का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि किडवेंचर प्ले हाउस द्वारा इस प्रकार के सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी आयोजन निरंतर करवाए जाते हैं।

### घातक बीमारियों के इलाज के लिए पंजीकृत श्रमिकों को 1 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
हरियाणा श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत श्रमिकों के लिए घातक बीमारियों की स्थिति में इलाज हेतु वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। इस योजना के अंतर्गत कैंसर, टी.बी., एड्स आदि गंभीर और जानलेवा बीमारियों के उपचार के लिए श्रमिकों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता है। योजना के अनुसार, पंजीकृत कामगार को इन रोगों के इलाज के लिए अधिकतम 1,00,000 रुपये तक की सहायता सरकारी नियमों के अनुरूप दी जाती है।
इस योजना का उद्देश्य यह है कि गंभीर बीमारी की स्थिति में श्रमिक को इलाज के भारी खर्च के कारण आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े। महंगे उपचार के कारण कई बार श्रमिक परिवार कर्ज के बोझ तले दब जाते हैं। इस वित्तीय सहायता के माध्यम से उन्हें राहत प्रदान की जाती है, ताकि वे समय पर और उचित इलाज प्राप्त कर सकें।
योजना का लाभ लेने के लिए श्रमिक को उपचार सरकारी अस्पताल या सरकार के पैनल में शामिल निजी अस्पताल में करवाना अनिवार्य है। साथ ही, संबंधित अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

## भगवान परशुराम सेना संघ ट्रस्ट की बैठक, 26 अप्रैल को मनेगा परशुराम जन्मोत्सव

**नितिन सिंगला जगाधरी**

**जगाधरी।** रविवार को भगवान श्री परशुराम सेना संघ ट्रस्ट हरियाणा की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन संगठन कार्यालय, वार्ड नंबर 16 स्थित सावित्री मेमोरियल पब्लिक स्कूल, जोगिंदर नगर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष कपिल पंडित ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव 26 अप्रैल 2026, रविवार को यमुना नगर स्थित अमन पैलेस, जगाधरी वर्कशॉप रोड पर बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर



कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई।
संगठन के विस्तार के तहत जिला यमुनानगर में नई नियुक्तियों की घोषणा भी की गई। मोनू पंडित जयधर को जिला उपाध्यक्ष, आशुतोष गौड़ को जिला उपाध्यक्ष, सुमित शर्मा को सहसचिव तथा मनोज शर्मा को रादौर ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया।
बैठक में संरक्षक परसात्मा स्वरूप गौड़, महासचिव तेजपाल शर्मा,



कोषाध्यक्ष सूरज प्रकाश शर्मा, जिला संरक्षक सुरेश शर्मा, जिला अध्यक्ष नरेंद्र उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष बालकृष्ण भट्ट, जिला सचिव मुनीश शर्मा, कोषाध्यक्ष सतीश शर्मा, संजीव गौतम, सलाहकार पुरुषोत्तम लाल शर्मा, योगेश शर्मा, विनोद शर्मा, पंकज बक्शी, कोशल सोढ़ी, शक्ति शर्मा, संदीप रोहिल्ला, कपिल कांत, बलदेव राज शर्मा, इंद्रजीत शर्मा सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## अकाल अकादमी भूंसला में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजित

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के अंतर्गत अकाल अकादमी भूंसला में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन अत्यंत उत्साह, अनुशासन और उमंग के साथ किया गया।
विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्टाफ सदस्यों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना के साथ हुआ, जिसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा भव्य मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। मार्च



पास्ट में विद्यार्थियों ने अनुशासन, एकता और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या गुरजीत कौर ने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।
इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में अतिरिक्त जोनल निदेशक गुरदीप सिंह सग्गू उपस्थित रहे। अपने सम्बोधन में उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि खेलकूद गतिविधियां शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यालय द्वारा किए गए सफल आयोजन की प्रशंसा भी की।

### पानीपतः सड़क हादसे में एक श्रमिक की मौत, साथी घायल

**पानीपत।** पानीपत स्थित नूरवाला बरसत रोड पर रविवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ड्राइवर ने सड़क किनारे बैठे श्रमिकों पर ट्रक चढ़ा दिया। इस हादसे में एक श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घटना के वक्त मौके पर कई श्रमिक मौजूद थे, जिन्होंने इधर-उधर भागकर अपनी जान बचाई। मृतक की पहचान मोहम्मद आरिफ के रूप में हुई है।
सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पानीपत के सामान्य अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया।

## दुर्घटना स्थल पर उपस्थित व्यक्ति ही घायल को दे सकता है नया जीवन

**प्रमोद भार्गव, देश रोजाना।**
**गुहला चीका।** दुर्घटनास्थल पर उपस्थित व्यक्ति की बहुत महत्वपूर्ण स्थिति होती है क्योंकि वही आकस्मिक घायल को नया जीवन दे सकता है और उसके आंसुओं को खुशी में बदल सकता है। यह विचार सेंट जान एम्बुलेंस इंटरनेशनल एसोसिएशन इंडिया के अंतरराष्ट्रीय मास्टर ट्रेनर डा. राजा सिंह झींजर ने जीवन रक्षक पद्धतियों की जानकारी देते हुए कहे। डा. झींजर ने कहा कि एसोसिएशन की हरियाणा प्रदेश के हर नागरिक को फर्स्ट एड एवं सीपीआई प्रशिक्षण की योजना है, ताकि जीवन रक्षक प्रशिक्षण से स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज कायम




किया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की पहल के आधार पर जिला कैथल के हर गांव स्तर पर कंडक्टर और ड्राइवर लाइसेंस के लिए फर्स्ट एड प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि बेरोजगार युवा सरकार की सुशासन व्यवस्था का लाभ उठा सकें। डाक्टर झींजर ने कहा कि सेंट जॉन एम्बुलेंस इंटरनेशनल एसोसिएशन शाखा कैथल के इस प्रयास को लेकर आम जनता एवं बेरोजगार युवा शक्ति में उत्साह देखने को मिल रहा है।
इसी कड़ी में एक फर्स्ट एड विशेष सेमिनार का आयोजन भारत सरकार की नेशन पैरामाउंट मिशन योजना, सेंट जान एम्बुलेंस इंटरनेशनल एसोसिएशन इंडिया राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर राजपाल पूनिया के दिशा निर्देशन में गांव खरौदी में किया गया, जिसमें गांव के 20 बुजुर्गों एवं नौजवानों ने भाग लिया। प्रशिक्षक डा. राजा सिंह झींजर ने कहा कि फर्स्ट एड प्रशिक्षण मानव जीवन की सुरक्षा के क्षेत्र में प्रथम आवश्यकता है, अतः इसमें प्राथमिकता के आधार पर भाग लेना चाहिए। गोल्ड मेडलिस्ट डा. राजा सिंह झींजर ने फर्स्ट एड प्रशिक्षण में हड्डी की टूट, जहरीले जीव का काटना, बिजली करंट, पानी में डूबना, जहर, घाव, सदमा, हार्ट अटैक, रक्तस्राव व बेहोशी आदि के कारण, उपचार व दुर्घटनास्थल से सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने की कारगर विधियों का प्रशिक्षण दिया।

## जब भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर इन्द्र का घमंड तोड़ाः अरविंद

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** होली उत्सव पर खाटू श्याम पार्क चीका में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में संत शिरोमणि श्री श्री 1008 रामकृष्ण दास जी महाराज के कृपा पात्र वेदव्यास पंडित अरविंद शास्त्री चित्रकूट वाले ने आज पांचवें दिन गोवर्धन पूजा के महत्वता के बारे में बताया और कहा कि इंद्र के अहंकार को चूर-चूर करने के लिए अपनी छोटी उंगली पर भगवान श्रीकृष्ण ने किस प्रकार लगातार 7 दिन गोवर्धन पर्वत को उठा कर रखा, जिसके नीचे सभी गांववासी सुरक्षित रहे और 7 दिनों के बाद जब इंद्र देवता का अहंकार टूटा, तब सभी गांव वालों ने खूब उत्सव मनाया। उन्होंने कहा कि इंद्रदेव ने भारी बरसात करके सभी गांव वासियों को परेशान कर



दिया था क्योंकि सभी गांव वाले भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करते थे और उन्होंने इंद्र देवता की पूजा करनी बंद कर दी थी, इसी कारण इंद्र देवता नाराज हो गए थे और तभी से गोवर्धन पूजा का महत्व बना हुआ है। उन्होंने बताया कि गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा का विशेष महत्व है। सात कोस की इस परिक्रमा करने पर जीवन सफल हो जाता है। उन्होंने इस अवसर पर श्रीकृष्ण की सुंदर बाल लीलाओं का भी विस्तृत वर्णन किया कि किस प्रकार से भगवान कृष्ण गोपियों के साथ लीला करते थे और ग्वालों के साथ किस प्रकार से गौ माता की सेवा में मगन रहते थे तथा ग्वालों के साथ खेल क्रीड़ा भी करते थे। उन्होंने बच्चों को अच्छे संस्कार दिए जाने बारे श्रद्धालुओं को जागरूक किया और इस बारे एक प्रसंग सुनाते हुए शास्त्री ने कहा कि एक व्यक्ति गुरु जी के पास आया और कहने लगा कि उसके साथ उसके लड़के का व्यवहार ठीक नहीं है। वह केवल अपनी पत्नी और बच्चों में ही मगन रहता है और उनका ही ख्याल रखता है और अपने माता-पिता की बिल्कुल भी चिंता नहीं करता है। गुरु जी ने व्यक्ति से पूछा कि आप अपने समय में माता-पिता की सेवा पूरी तरह नहीं करते होंगे और आप अपने बच्चों में ही मगन रहते होंगे, यही संस्कार आगे बच्चों में आ गए और वह भी आपकी ही तरह अपने बच्चों में ही मगन रहता है, इसलिए बच्चे जो देखते हैं, वही ग्रहण करते हैं नतीजतन बच्चों को अच्छे संस्कार देने चाहिए। श्रीमद्भागवत कथा के बारे में जानकारी देते हुए अशोक सिंगला ने बताया कि 4 मार्च को कथा के दौरान ही फाग उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर बब्बू चावला एंड पार्टी द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा और फूलों से होली खेली जाएगी। आज की कथा में डा. मनोज गांधी परिवार सहित शामिल हुए और मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। इस अवसर पर गोरा लाल मित्तल, राज कुमार जाखौली, पिंका बंसल, गौशाला के प्रधान दर्शन लाल, सुशील बंसल, अशोक सिंगला, वीर कंसल, नानूराम मित्तल, सोम प्रकाश जिंदल, संजय सिंगला, लीला भागल, मीनू सिंगला, ममता, कविता गोयल, बाला गोयल, संतोष गोयल, सुमन सिंगला, सीमा सिंगला, मोनिका व कैथल से कथा में विशेष रूप से पहुंची गीता, रितु व रानी सहित अनेक भक्त भी मौजूद रहे।

## सतगुरु जी तुसी मेहर करो मैं दर तेरे ते आई होईयां ..

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** श्रीमद्भागवत कथा के उपलक्ष में आयोजित प्रभात फेरियों की श्रृंखला में आज 17वें दिन की प्रभात फेरी समाजसेवी बलवान जांगड़ा के निवास पर पहुंची। परिवार ने पालकी का स्वागत पुष्प वर्षा और आरती करके किया। सर्वप्रथम ठाकुर जी के मंगलाचरण और गुरु वंदना मंडल के प्रधान रविंद्र बिंदल ने सतगुरु जी तुसी मेहर करो, मैं दर तेरे ते आई। उसके बाद रजत बिंदल ने काबिल नहीं हूं तेरे, पर फिर भी निभा रहा हूं, बड़ा सुंदर भजन सुनाया। मनीष सिंगला ने वृंदावन जाउंगी सखी वृंदावन जाऊंगी, भजन सुना कर माहौल को भक्तिमय कर दिया। श्री श्री राधा माधव महिला संकीर्तन मंडल



की प्रधान मीनू गर्ग ने बन तितली मैं उड़ती फिरां, किशोरी तेरे बरसाने, भजन सुनाया। आज प्रभातफेरी में श्री श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल के संस्थापक कश्मीरी वर्मा विशेष रूप से पधारे। उन्होंने लोगों को प्रेरणा देते हुए बताया कि प्रभात फेरियों में सुबह जागने की आदत को छोड ?ा नहीं है नतीजतन उसके बाद भी सुबह जल्दी उठना और ठाकुर जी का भजन ध्यान कीर्तन करना, हमें ठाकुर जी से जोड़कर रखेगा। कमल सिंगला ने 2009 में गई वृंदावन यात्रा का वर्णन विशेष रूप से अपनी कविता में मोसे ब्रज रस बिसरत नाहीं, सुन कर वृंदावन यात्रा को याद किया।

हरियाणा सरकार

“नारी का सम्मान, यही समाज और देश के विकास की पहली सीढ़ी होती है। इसलिए विकसित भारत बनाने के लिए, भारत के तेज विकास के लिए, आज भारत विमेन लेड डेवलपमेंट की राह पर चल पड़ा है। हमारी सरकार महिलाओं के जीवन में सम्मान और सुविधा दोनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।”

**- नरेन्द्र मोदी**



# महिलाओं की प्रगति - राष्ट्र का सशक्तिकरण

हरियाणा- भारत का पहला राज्य जिसने समग्र क्रेच नीति लागू की - 500 स्टैंडअलोन एवं आंगनवाड़ी-कम-क्रैच स्थापित किए गए।

आपकी बेटी हमारी बेटी योजना को राइट टू सर्विस फ्रेमवर्क में शामिल किया गया, जिससे 5,94,746 लड़कियों को लाभ।

22 जिलों में वन स्टॉप सेंटर महिलाओं को समर्थन, काउंसलिंग और आश्रय प्रदान करते हैं।

राज्य में महिला सशक्तिकरण के लिए 22 जिला हब स्थापित किए गए।

‘म्हारी लाडो’ रेडियो प्रोग्राम शुरू किया गया, जो लगभग 2 लाख श्रोताओं तक पहुंचा।

हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना के तहत लोन राशि ₹3 लाख से बढ़ाकर ₹5 लाख की गई।

75,150 माताओं को मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना से लाभ हुआ, जिसमें ₹37.56 करोड़ वितरित किए गए।

हरियाणा प्ले स्कूल मॉडल के तहत 4,000 आंगनवाड़ी केंद्रों को प्ले स्कूल में अपग्रेड किया गया, जिससे 44,906 बच्चे भाग ले रहे हैं।

## राज्य सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को निम्नलिखित पुरस्कार दिए जाते हैं

- श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार ₹5,00,000/-
- इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार ₹1,50,000/-
- कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार ₹1,00,000/-
- बहिन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार ₹1,00,000/-
- लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार ₹51,000/-
- महिला उत्कृष्ट उपलब्धियां पुरस्कार ₹21,000/-



**सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा**

www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipprharyana

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें